# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, सोमवार
03 फरवरी 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) | वर्ष : 10, अंक : 317 | www.nationalpresstimes.com | पृष्ठ : 10 | मूल्य : 05 रुपया | RNI No : UPHIN/2015/64579




## भारत-इंडोनेशिया के रिश्ते हजारों साल पुराने...

### पीएम ने जकार्ता में महाकुंभभिषेकम को किया संबोधित

नई दिल्ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैं आप सभी को और भारत-इंडोनेशिया तथा दुनिया भर में भगवान मुरुगन के करोड़ों भक्तों को जकार्ता मंदिर के महाकुंभभिषेक के अवसर पर बधाई देता हूं। मेरी कामना है कि तिरुप्पुगल के भजनों के माध्यम से भगवान मुरुगन की स्तुति जारी रहे। स्कंद षष्ठी कवचम के मंत्र सभी लोगों की रक्षा करें'।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच रिश्ते सिर्फ भू-राजनीतिक नहीं हैं, बल्कि हजारों साल पुरानी साझा संस्कृति और इतिहास पर आधारित हैं और दोनों देशों में विविधता में एकता की परंपरा है। पीएम मोदी ने यह टिप्पणी इंडोनेशिया के जकार्ता में श्री सनातन धर्म आलयम के महाकुंभभिषेकम को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए की।

इस मौके पर उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए खुशी की बात है कि मैं जकार्ता में मुरुगन मंदिर के महाकुंभभिषेकम का हिस्सा बना हूं। मैं जकार्ता से दूर हूं, लेकिन मेरा मन इसके करीब है, जैसे भारत और इंडोनेशिया एक-दूसरे के करीब हैं...मैं महाकुंभभिषेकम के अवसर पर वहां के सभी लोगों को शुभकामनाएं देता हूं।' पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो भारत से 140 करोड़ भारतीयों का प्यार लेकर गए थे। उन्होंने कहा कि अपने राष्ट्रपति के माध्यम से इंडोनेशिया के लोगों को हर भारतीय की शुभकामनाओं का अनुभव हो रहा होगा।

उन्होंने कहा, 'भारत और इंडोनेशिया का संबंध विरासत का है, विज्ञान का है, आस्था का है। हमारा संबंध साझा आस्था का है, अध्यात्म का है। हम भगवान मुरुगन और भगवान श्री राम से भी जुड़े हैं और हम भगवान बुद्ध से भी जुड़े हैं'। उन्होंने कहा कि भारत से इंडोनेशिया जाने वाला व्यक्ति जब प्रम्बानन मंदिर में हाथ जोड़ता है, तो उसे काशी और केदार जैसा ही आध्यात्मिक अनुभव होता है। पीएम मोदी ने कहा कि जब भारत के लोग काकाविन और सेरात रामायण के बारे में सुनते हैं, तो उन्हें वाल्मीकि रामायण, कम्ब रामायण और रामचरित मानस जैसी ही अनुभूति होती है।

पीएम मोदी ने आगे कहा, 'अब भारत में इंडोनेशिया की रामलीला का मंचन अयोध्या में भी होता है'।

शेष पेज 2 पर

## अनुसूचित जाति की युवती की हत्या का सीएम योगी ने लिया संज्ञान, मंत्री को भेजा...

### परिजनों से फोन पर की बात

अयोध्या । अयोध्या में अनुसूचित जाति की युवती की हत्या का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया और अपनी कैबिनेट के मंत्री को मुलाकात करने के लिए भेजा। उन्होंने परिजनों से फोन पर भी बात की।



अयोध्या में अनुसूचित जाति की युवती की हत्या के मामले का संज्ञान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ले लिया है। मुख्यमंत्री ने श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री को पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए मृतका के घर भेजा और यथासंभव हर मदद करते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ित परिवार से फोन पर भी बात की है।

श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल कोरी रविवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने मृतका के परिवार से मुलाकात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। अयोध्या पहुंचे राज्य मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि घटना बहुत ही दर्दनाक है। जघन्य अपराध हुआ है। दुर्दांत तरीके से बिटिया की हत्या हुई है। मुख्यमंत्री ने पूरे मामले को संज्ञान में लिया और उन्होंने मुझे भेजा है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि दोषियों को नहीं बक्शा जाएगा। इस घटना को लेकर सांसद अवधेश प्रसाद के रोने पर राज्य मंत्री ने कहा कि यह लोग नाटकबाज हैं। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए मुझे भेजा है। सरकार पीड़ित परिवार के साथ है।

**'अत्याचार करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा, अवधेश प्रसाद नाटक करते हैं': सीएम योगी-** उन्होंने कहा कि अत्याचार करने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बक्शा जाएगा।

शेष पेज 2 पर

## अयोध्या में दलित महिला की क्रूर हत्या पर राहुल गांधी ने योगी सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली। अपने 'एक्स' पर किए पोस्ट में, राहुल गांधी ने लिखा, 'अयोध्या में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है। तीन दिनों से गूंजती बच्ची के परिवार के मदद की पुकार पर अगर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन की रक्षा हो सकती थी।' उत्तर प्रदेश के अयोध्या में हुई 22 वर्षीय दलित महिला की क्रूर हत्या अब राजनीति का मुद्दा बन गयी है। अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद के बाद अब राहुल गांधी ने इस मुद्दे को लेकर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उनको अपने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने योगी सरकार को खूब सुनाई है।

अपने 'एक्स' पर किए पोस्ट में, राहुल गांधी ने लिखा, 'अयोध्या में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है।' शेष पेज 2 पर

## कांग्रेस ने अपने 8 नेताओं को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, तैयार की अपनी EAGLE टीम



नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी की इस अधिसूचना को जारी किया। इसमें उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन की निगरानी के लिए तत्काल प्रभाव से नेताओं और विशेषज्ञों का एक सशक्त कार्य समूह (ईगल) गठित किया है, जिसमें आठ सदस्यों को शामिल किया गया है।

कांग्रेस ने देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए 'ईगल' नाम की एक टीम का गठन किया है। ईगल का मतलब है नेताओं और विशेषज्ञों का सशक्त कार्य समूह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस टीम का गठन किया है। यह टीम चुनाव दर चुनाव नतीजों और मतदाता सूची का विश्लेषण कर पार्टी नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपेगी।

शेष पेज 2 पर

## 19 फीसदी आपराधिक और 12 फीसदी गंभीर आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार मैदान में

नई दिल्ली। यदि कुल उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर तुलना की जाए तो राष्ट्रीय पार्टी से 278 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 21 प्रतिशत आपराधिक मामलों में संलिप्त हैं, जबकि 18 प्रतिशत पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। राज्य पार्टियों के कुल के 13 प्रतिशत आपराधिक छवि वाले हैं, जिनमें 10 प्रतिशत पर गंभीर मामले हैं।




दिल्ली विधानसभा चुनावों में 19 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जबकि गंभीर आपराधिक मामलों में (हत्या, हमला, अपहरण, दुष्कर्म, महिलाओं एवं बच्चों के ऊपर अत्याचार) संलिप्त उम्मीदवारों की संख्या 12 प्रतिशत है। प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों से लेकर निर्दलीय उम्मीदवारों तक, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं की मौजूदगी ने चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

यदि दलगत स्थिति को देखा जाए तो 19 प्रतिशत आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों में 33 प्रतिशत राष्ट्रीय पार्टी के, 13 प्रतिशत राज्य पार्टी के, आठ प्रतिशत पंजीकृत अन्य पार्टी के और 10 प्रतिशत निर्दलीय उम्मीदवार हैं। गंभीर आपराधिक मामलों की बात करें तो इसमें 18 प्रतिशत राष्ट्रीय पार्टी के, 10 प्रतिशत राज्य पार्टी के, 6 प्रतिशत पंजीकृत अन्य पार्टी के और 8 प्रतिशत निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं।

विशेष रूप से आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (कांग्रेस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जैसे प्रमुख दलों ने भी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को टिकट दिया है। आप के 63 प्रतिशत, कांग्रेस के 41 प्रतिशत और भाजपा के 29 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं गंभीर आपराधिक मामलों की श्रेणी में आप के 41 प्रतिशत, कांग्रेस के 19 प्रतिशत और भाजपा के 13 प्रतिशत उम्मीदवार आते हैं।

**पार्टियों के अनुसार उम्मीदवारों की स्थिति**

यदि कुल उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर तुलना की जाए तो राष्ट्रीय पार्टी से 278 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 21 प्रतिशत आपराधिक मामलों में संलिप्त हैं, जबकि 18 प्रतिशत पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। राज्य पार्टियों के कुल के 13 प्रतिशत आपराधिक छवि वाले हैं, जिनमें 10 प्रतिशत पर गंभीर मामले हैं। पंजीकृत अन्य पार्टियों के आठ प्रतिशत पर आपराधिक मुकदमे हैं, जबकि छह प्रतिशत पर गंभीर मुकदमे हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों में 10 प्रतिशत आपराधिक पृष्ठभूमि वाले और आठ प्रतिशत गंभीर मामलों में आरोपी हैं।

शेष पेज 2 पर

## महाकुंभ में भगदड़: सीएम योगी ने कहा- हादसे के जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज, पुलिसकर्मियों पर हो सकती है कार्रवाई

लखनऊ । कुंभ में हुई भगदड़ में जिम्मेदार लोगों पर गाज गिरनी तय है। सीएम योगी ने स्पष्ट कहा है कि ऐसे लोग जिन्होंने शिथिलता बरती है उनको चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर हादसे के जिम्मेदार और शिथिलता बरतने वाले अफसरों व कर्मचारियों पर गाज गिरनी तय है। इसमें ज्यादातर पुलिसकर्मियों के होने की बात कही जा रही है। सीएम योगी ने ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सीएम ने आईसीसीसी में वसंत पंचमी स्नान पर्व की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने पर्व पर व्यवस्थाओं को जीरो एरर रखने के निर्देश दिए। कहा कि इस अवसर पर अखाड़ों की पारंपरिक शोभायात्रा धूमधाम से निकलेगी। इसकी तैयारियां समय से कर ली जाएं। संतगण, कल्पवासी, श्रद्धालु और पर्यटकों की सुरक्षा व सुविधा सुनिश्चित होनी चाहिए। किसी भी स्तर पर चूक की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

**कम से कम चलें स्नानार्थी, बढ़ाएं पार्किंग स्थल**

सीएम योगी ने कहा कि पार्किंग स्थल बढ़ाए जाएं। ऐसी व्यवस्था करें कि श्रद्धालुओं को कम से कम चलना पड़े। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थलों पर एसपी लेवल के अधिकारियों को ट्रैफिक व्यवस्था की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहीं भी जाम की स्थिति न बनने दें।

शेष पेज 2 पर

### कनाडा का एलान-

## अमेरिकी सामान पर लगाएंगे 25 फीसदी टैरिफ, मैक्सिको ने भी ट्रंप को दिया जवाब

ओटावा। पीएम ट्रूडो ने कहा कि हम भी अमेरिका को जवाब देंगे। हम 155 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि टैरिफ लगाने से समस्याएं हल नहीं होती है। मैक्सिको टकराव नहीं चाहता है। हम पड़ोसी देशों के बीच सहयोग से शुरूआत करते हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एलान के बाद 25 फीसदी टैरिफ लगने पर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जवाब दिया है। पीएम ट्रूडो ने कहा कि हम भी अमेरिका को जवाब देंगे। हम 155 बिलियन डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। मंगलवार से 30 बिलियन डॉलर मूल्य के सामान पर यह टैरिफ लागू किया जाएगा। जबकि आने वाले 21 दिन में 125 बिलियन डॉलर मूल्य के सामानों पर और टैरिफ लगाए जाएंगे। वहीं मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि टैरिफ लगाने से समस्याएं हल नहीं होती हैं। मैक्सिको टकराव नहीं चाहता है। हम पड़ोसी देशों के बीच सहयोग से शुरूआत करते हैं।

शेष पेज 2 पर

### साक्षात्कार | भारत की वित्तीय नीति पर बोलीं निर्मला सीतारमण

## अनुशासन और विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध'

नई दिल्ली । केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को भारत की मजबूत आर्थिक नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश ने कभी भी अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने में चूक नहीं की है। उन्होंने क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज की तरफ से भारत की रेटिंग न बढ़ाने पर अधिक चिंता न जताते हुए कहा कि सरकार अपने वित्तीय लक्ष्यों पर पूरी तरह कायम है।

भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को देश की बेदाग वित्तीय साख और मजबूत आर्थिक नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने कभी भी अपने राजकोषीय समेकन या ऋण कटौती लक्ष्यों से पीछे नहीं हटने दिया। उन्होंने यह बयान तब दिया जब मूडीज जैसी रेटिंग एजेंसियों ने भारत की साख में बढ़ोतरी नहीं की। भारत सरकार वित्तीय अनुशासन और विकास के संतुलन को बनाए रखने की नीति पर कार्यरत है। ऋण-से-जीडीपी अनुपात को नियंत्रित करने, पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता देने और राजकोषीय घाटे को चरणबद्ध तरीके से कम करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है।

डॉलर को छोड़कर अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपया स्थिर- सीतारमण

वित्त मंत्री ने कहा, 'मैं रुपये की विनिमय दर में गिरावट से चिंतित हूं लेकिन मैं इस आलोचना को स्वीकार नहीं करूंगी कि, ओह रुपया कमजोर हो रहा है! हमारी वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत है। अगर बुनियाद कमजोर होती, तो रुपया सभी मुद्राओं के मुकाबले स्थिर नहीं होता।' सीतारमण ने कहा, 'रुपये में जो अस्थिरता है, वह डॉलर के मुकाबले है। रुपया किसी भी अन्य मुद्रा की तुलना में कहीं अधिक स्थिर रहा है।'

उन्होंने कहा, 'आरबीआई उन तरीकों पर भी विचार कर रहा है, जिनसे वह भारी उतार-चढ़ाव के कारणों को दुरुस्त करने के लिए ही बाजार में हस्तक्षेप करेगा। इसलिए हम सभी स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।' वित्त मंत्री ने रुपये की अस्थिरता और विनिमय दर में गिरावट को लेकर आलोचना करने वालों के बारे में कहा कि वे दलील देने में जल्दबाजी दिखा रहे हैं। सीतारमण ने कहा, 'आज डॉलर के मजबूत होने और अमेरिका में नए प्रशासन के आने के साथ, रुपये में आ रहे उतार-चढ़ाव को समझना होगा। आलोचनाएं हो सकती हैं, लेकिन उससे पहले थोड़ा और अध्ययन कर प्रतिक्रिया देना बेहतर होगा।' पिछले कुछ महीनों में भारतीय रुपया दबाव में रहा है लेकिन यह एशिया और अन्य देशों की मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में सबसे कम अस्थिर मुद्रा है।



शेष पेज 2 पर

# पकड़े गए शातिर चोरः 1.10 करोड़ के जेवरात पर किया था हाथ साफ, कार से पलभर में ही ले उड़े बैग, दो बदमाश गिरफ्तार

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

नई दिल्ली । आरोपियों पास से चोरी किए गए 20 लाख के जेवरात, वारदात में इस्तेमाल स्कूटी और चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

उत्तर-पश्चिम जिला के भारत नगर इलाके में ज्वेलर की कार से 1.10 करोड़ के जेवरात चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान वेंतेश (40) और पीयूष (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी से चोरी और झपटमारी के तीन मामले सुलझाए हैं। आरोपियों पास से चोरी किए गए 20 लाख के जेवरात, वारदात में इस्तेमाल स्कूटी और चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।



दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि भारत नगर में एक करोड़ से अधिक के जेवरात चोरी करने वाले दो बदमाश बीआरटी रोड के पास आने वाले हैं। दोनों चोरी के जेवरात किसी पार्टी को बेचेंगे। सूचना मिलने के बाद एएटीएस की टीम ने जांच शुरू कर दी। इस बीच दोनों बदमाशों की पहचान कर उनको दबोच लिया गया। उनके पास से चोरी किए किए 20 लाख के जेवरात बरामद हो गए।

आरोपियों ने बताया कि वह पिछले काफी समय से बड़े कारोबारियों ज्वेलर की गाड़ियों को निशाना बनाकर उससे माल उड़ाते हैं। 21 जनवरी को इन लोगों ने भारत नगर के स्वामी नारायण मंदिर पास से पीड़ित की कार से 1.10 करोड़ के जेवरात चोरी कर लिए थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

# बंद यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री बनाकर ठगी में इंजीनियर समेत दो गिरफ्तार, पुलिस ने ऐसे किया भंडाफोड़

नई दिल्ली। जावेद गिरोह का सरगना है। उसने ऑकलैंड, न्यूजीलैंड की एक यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग की हुई है। आरोपी बैक डेट में सहारनपुर की ग्लोकल यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री उपलब्ध करवाते थे, जबकि वर्ष 2021 से ही यूनिवर्सिटी बंद है।

मध्य जिले की साइबर थाना पुलिस ने फर्जी पीएचडी एडमिशन रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में कंप्यूटर इंजीनियर समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान यूपी के सहारनपुर के खान आलमपुरा स्थित नई बस्ती निवासी जावेद खान और सहारनपुर की डिफेंस कॉलोनी स्थित चौधरी विहार निवासी शाहरुख अली के रूप में हुई है।

जावेद गिरोह का सरगना है। उसने ऑकलैंड, न्यूजीलैंड की एक यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियरिंग की हुई है। आरोपी बैक डेट में सहारनपुर की ग्लोकल यूनिवर्सिटी की फर्जी डिग्री उपलब्ध करवाते थे, जबकि वर्ष 2021 से ही यूनिवर्सिटी बंद है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक मोबाइल और धोखाधड़ी के कुछ डिजिटल दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपियों ने अब तक कितने लोगों से ठगी की।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने बताया कि एक छात्रा ने साइबर थाने में एडमिशन के नाम पर 1.80 लाख ठगने की शिकायत दी थी। पीड़िता ने बताया कि उसे पीएचडी करनी थी। एडमिशन के लिए उसने ऑनलाइन सर्च शुरू किया। इस बीच उसने www.lit-erateus.com नामक वेबसाइट पर जाकर संपर्क किया।

वेबसाइट पर दिए गए नंबर के आधार पर पीड़िता ने जावेद से बातचीत की, एडमिशन के नाम पर आरोपी ने समय-समय पर 1.80 लाख रुपये ले लिए। इस बीच आरोपी ने ग्लोकल यूनिवर्सिटी का फर्जी आईकार्ड भी दिया। इस बीच आरोपी लगातार रुपयों की मांग करते रहे, तो पीड़िता को शक हुआ। इसके बाद शिकायत पुलिस से की गई। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पीड़िता द्वारा भेजी गई रकम किसी शाहरुख और जावेद के खाते में भेजी गई है। पुलिस ने खाते से लिंक नंबर को चेक किया तो आरोपी का फोन बंद मिला। इसके बाद टेक्निकल सर्विलांस से जावेद को नोएडा के नशा मुक्ति केंद्र से दबोचा गया, जबकि शाहरुख को सहारनपुर से दबोचा। दोनों नशे के आदी हैं। जावेद 2022-23 में एक यूनिवर्सिटी में पीएचडी करवाता था।

# पेज एक का शेष...

## भारत-इंडोनेशिया के रिश्ते हजारों साल पुराने...

इसी तरह, जब हम बाली में 'ओम स्वस्ति-अस्तु' सुनते हैं, तो हमें भारत के वैदिक विद्वानों द्वारा किया गया स्वस्ति वाचन याद आता है।' 'आपके बोरोबुदुर स्तूप में हमें भगवान बुद्ध की वही शिक्षाएं देखने को मिलती हैं, जो हमें भारत में सारनाथ और बोधगया में देखने को मिलती हैं। हमारे राज्य ओडिशा में आज भी बाली यात्रा मनाई जाती है। यह त्योहार उन प्राचीन समुद्री यात्राओं से जुड़ा है, जो कभी भारत और इंडोनेशिया को व्यापार और संस्कृति से जोड़ती थीं। आज भी जब भारत के लोग हवाई यात्रा के लिए 'गरुड़ इंडोनेशिया' में सवार होते हैं, तो उन्हें हमारी साझा संस्कृति की झलक मिलती है।' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और इंडोनेशिया के बीच संबंध कई मजबूत धागों से बुने हुए

## अनुसूचित जाति की युवती की हत्या का सीएम योगी ने लिया संज्ञान, मंत्री को भेजा...

अवधेश प्रसाद झूठ बोलते हैं, नाटक करते हैं। किसी की बेटी मरी है, दर्दनाक हादसा हुआ है, उस पर इस तरीके का राजनीतिक प्रलाप गलत है। मंत्री ने कहा कि सांसद को इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्हें इस्तीफा देने से किसी ने नहीं रोका है।

महिला आयोग ने एससी बेटी के परिवार से की मुलाकात, न्याय का दिलाया भरोसा

एससी बेटी की हत्या के मामले में राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। परिवार से मुलाकात करने के बाद उन्होंने कहा कि इस घटना से परिवार बहुत व्यथित है। राज्य महिला आयोग की तरफ से मैंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की है और उन्हें सांत्वना दी है। त्वरित न्याय दिलाने के लिए परिवार को आश्वासन भी दिया है। परिवार वालों से जिस तरह से मैंने घटनाक्रम को समझा है, उस बच्ची के साथ हैवानियत हुई है। मेरा यह प्रयास रहेगा कि बच्ची को जल्द से जल्द न्याय मिले। डॉ. प्रियंका ने कहा कि जैसे ही पुलिस को इस घटना की सूचना मिली पुलिस तुरंत हरकत में आई और सर्च ऑपरेशन चलाते हुए मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस और प्रशासन की ओर से परिवार की निरंतर मदद की जा रही है। मामले की जांच चल रही है। जो भी इसमें दोषी पाया जाएगा, उसके ऊपर सख्त कार्रवाई होगी। यह बच्ची हम सब की बच्ची है और न्याय दिलाने के लिए उसके साथ हम खड़े हैं।

## कांग्रेस ने अपने 8 नेताओं को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, तैयार की अपनी EAGLE टीम

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी की इस अधिसूचना को जारी किया। इसमें उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संचालन की निगरानी के लिए तत्काल प्रभाव से नेताओं और विशेषज्ञों का एक सशक्त कार्य समूह (ईगल) गठित किया है, जिसमें आठ सदस्यों को शामिल किया गया है।

कांग्रेस की ईगल टीम में अजय माकन, दिग्विजय सिंह, डॉ. अभिषेक सिंघवी, प्रवीण चक्रवर्ती, पवन खेड़ा, गुरदीप सिंह सप्पल, डॉ. नितिन राउत और चल्ला वंशी चंद रेड्डी शामिल हैं।

'ईगल' को दिया गया पहला काम महाराष्ट्र चुनाव को लेकर है, जहां वे मतदाता सूची में हेराफेरी के मुद्दे पर आलाकमान को विस्तृत रिपोर्ट सौंपेंगे। कांग्रेस ने बताया कि ईगल अन्य राज्यों में पिछले चुनावों का भी विश्लेषण करेगा और आगामी चुनावों और देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन से संबंधित अन्य सभी मुद्दों पर सक्रिय रूप से निगरानी करेगा।

## 19 फीसदी आपराधिक और 12 फीसदी गंभीर आपराधिक छवि वाले उम्मीदवार मैदान म

2020 चुनाव की तुलना में संख्या घटी-पिछले विधानसभा चुनाव (2020) की तुलना में इस बार आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की संख्या में हल्की गिरावट देखी गई है। 2020 में 20 प्रतिशत (133) उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे, जबकि 15 प्रतिशत (104) पर गंभीर आरोप थे। इस बार यह आंकड़ा घटकर 19 प्रतिशत (132) और 12 प्रतिशत (81) रह गया है। हालांकि चुनावी प्रक्रिया में अपराधियों की बढ़ती संख्या अब भी चिंता का विषय बनी हुई है।

चुनावी सुधारों की आवश्यकता- चुनावों में आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों की बढ़ती संख्या लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती बनती जा रही है। सुप्रीम कोर्ट और चुनाव आयोग लगातार पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत हैं, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा आपराधिक छवि वाले उम्मीदवारों को टिकट देना यह दशार्ता है कि सत्ता प्राप्ति की होड़ में नैतिकता से समझौता किया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि राजनीतिक दलों को स्वेच्छा से ऐसे उम्मीदवारों को टिकट देने से बचना चाहिए।

दल, कुल उम्मीदवार, आपराधिक मामले वाले उम्मीदवार, गंभीर आपराधिक मामले वाले उम्मीदवार

राष्ट्रीय पार्टी, 278, 94, 51, 21

राज्य पार्टी, 29, 4, 3, 0

पंजीकृत अज्ञात पार्टी, 254, 21, 16, 0

निर्दलीय, 138, 14, 11, 2

कुल, 699, 132, 81, 23

दल, आपराधिक मामले वाले उम्मीदवार, गंभीर आपराधिक मामले उम्मीदवार

आप, 44, 29

कांग्रेस, 29, 13

भाजपा, 20, 9

## महाकुंभ में भगदड़ः सीएम योगी ने कहा- हादसे के जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज,

## पुलिसकर्मियों पर हो सकती है कार्रवाई

जहां समस्याएं, वहां जाएं वरिष्ठ अफसर-मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन सेक्टरों से ज्यादा शिकायतें आ रही हैं, वहां वरिष्ठ अधिकारी खुद जाएं। वरिष्ठ अधिकारियों को टीम के साथ ड्यूटी पर लगाएं। उनके लिए वहीं टेंट और खाने-पीने की व्यवस्था करें। कहीं भी भीड़ एक-दूसरे को क्रॉस करती नजर न आए। दो अधिकारी कंट्रोल रूम से निगरानी करें। बाकी सीमा, शहर और मेला क्षेत्र में व्यवस्था दुरुस्त करें। दो और तीन फरवरी हमारे लिए चुनौतीपूर्ण होगी। प्रमुख स्नान पर्वों और उसके पहले व बाद में कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं लागू होगा।

बिहार, पूर्वी यूपी से आएगी भीड़-सीएम ने कहा, वसंत पंचमी पर पूर्वी यूपी, बिहार और नेपाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इसे देखते हुए व्यवस्थाएं की जाएं। वहीं, उन्होंने झूंसी क्षेत्र के आसपास रहने वाले संदिग्ध लोगों के पुलिस सत्यापन पर भी जोर दिया। कहा कि अतिक्रमण भी दुर्घटना का कारण बनता है। ऐसे में स्ट्रीट वेंडर्स सड़क पर न दिखाई दें।

मौनी अमावस्या हादसे के बाद पहली बार महाकुंभ पहुंचे सीएम योगी ने कहा कि संतों के धैर्य के आगे सनातन विरोधी साजिश में विफल हो गए हैं। उन संतों का अभिनंदन करूंगा, जिन्होंने मौनी अमावस्या पर पूरा धैर्य दिखाया। कुछ पुण्यात्मा हादसे का शिकार हुईं, लेकिन उन परिस्थितियों में हमारे संत एक अभिभावक के रूप में नजर आए।

शनिवार को सेक्टर 22 में संतोष दास सतुआ बाबा और स्वामी राम कमलाचार्य के पट्टाभिषेक में पहुंचे सीएम योगी ने कहा कि 19 दिनों में 32 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगाकर पुण्य के भागीदार बने हैं। कुछ लोग गुमराह करके सनातन धर्म के हर मुद्दे पर षड्यंत्र करने से बाज नहीं आते हैं। राम जन्मभूमि से लेकर आज तक, उनका व्यवहार और चरित्र जग जाहिर है। ऐसे लोगों से सावधान होकर सनातन धर्म के आदर्शों और मूल्यों के साथ हमें आगे बढ़ना होगा।

स्वामी अवधेशानंद, राम भद्राचार्य ने की सीएम की सराहना-महाकुंभ नगर। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने कहा कि जब से योगी आदित्यनाथ यूपी की सत्ता में आए हैं, तब से सनातन का सूर्य पूरे विश्व को आलोकित कर रहा है। तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य राम भद्राचार्य ने कहा कि अब राम कमलाचार्य से जगद्गुरु स्वामी राम कमलाचार्य और संतोष दास जगद्गुरु विष्णु स्वामी संतोष दास महाराज सतुआ बाबा होंगे।

## अनुशासन और विकास को लेकर सरकार प्रतिबद्ध'

हाल में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आने का कारण व्यापार घाटे में बढ़ोतरी के अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के 2025 में ब्याज दर में कम कटौती के संकेत के बाद डॉलर सूचकांक में उछाल है।

राजकोषीय अनुशासन और विकास का संतुलन- निर्मला सीतारमण ने आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में वित्तीय अनुशासन और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाए रखा है। उन्होंने मध्यम वर्ग को अब तक की सबसे बड़ी कर राहत दी, साथ ही अगले वर्ष के लिए राजकोषीय घाटे में कटौती की रूपरेखा प्रस्तुत की और वर्ष 2031 तक जीडीपी के अनुपात में ऋण में कमी लाने की योजना रखी। उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार को आर्थिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक उधारी लेनी पड़ी थी। इसके पीछे वैश्विक चुनौतियां, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और कई भौगोलिक क्षेत्रों में जारी संघर्ष जैसे कारण थे। इसके बावजूद, सरकार ने अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्यों का पालन किया और अपनी वित्तीय प्रतिबद्धताओं को निभाया।

मूडीज का दृष्टिकोण और भारत की प्रतिक्रिया-शनिवार को मूडीज रेटिंग एजेंसी ने भारत की संप्रभु रेटिंग को तत्काल बढ़ाने से इनकार कर दिया। मूडीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष क्रिश्चियन डी गुस्मान ने कहा कि भारत की सख्त वित्तीय नीति और घाटे में कमी सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन ऋण भार में पर्याप्त कमी और राजस्व संग्रह में बढ़ोतरी के बिना रेटिंग में सुधार संभव नहीं। वर्तमान में मूडीज ने भारत को 'इं3' स्थिर दृष्टिकोण के साथ वर्गीकृत किया है, जो न्यूनतम निवेश श्रेणी में आता है। निर्मला सीतारमण ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारत उधारी को नियंत्रित करने और ऋण को जीडीपी के अनुपात में कम करने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के आर्थिक कदम कई उन्नत अर्थव्यवस्थाओं से अधिक अनुशासित हैं।

वित्तीय घाटे और पूंजीगत व्यय पर जोर-अपने आठवें बजट में, वित्त मंत्री ने संसद को बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में राजकोषीय घाटा 4.8% रहेगा, जो कि पूर्व निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप है। अगले वित्तीय वर्ष (2025-26) में इसे घटाकर 4.4% करने की योजना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार अपने ऋण प्रबंधन को एक विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के अनुरूप रखेगी। सरकार ने यह घोषणा की है कि दीर्घकालिक दृष्टि से ऋण को व्यवस्थित रूप से कम किया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि वित्तीय अनुशासन के बावजूद, सार्वजनिक व्यय में कोई कटौती नहीं की गई है। सरकार ने पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता दी है, क्योंकि यह आर्थिक विकास को गति देता है। 2025-26 के लिए पूंजीगत व्यय को 11.21 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जो कि संशोधित अनुमान 10.18 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

राज्यों को समर्थन और व्यय की गुणवत्ता पर जोर-वित्त मंत्री ने राज्यों की तरफ से पूंजीगत व्यय में बढ़ती रुचि की सराहना की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से प्रदान किए गए 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण का सही उपयोग हुआ है, जिससे व्यय की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। हालांकि, 2024-25 में पूंजीगत व्यय बजट अनुमान 11.11 लाख करोड़ रुपये से थोड़ा कम रहा, क्योंकि चुनावी प्रक्रिया के कारण चार महीने में खर्च धीमा पड़ा।

भारत का दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्य- निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार अपनी कर्ज-जीडीपी अनुपात को धीरे-धीरे कम करेगी और सभी वित्तीय वादों को पूरा करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य विकसित देश इस तरह के सख्त वित्तीय नियंत्रण का पालन नहीं कर रहे हैं, लेकिन भारत बिना किसी सामाजिक कल्याण योजना को प्रभावित किए अपने लक्ष्यों पर आगे बढ़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार सिर्फ बड़े बजट पर ध्यान नहीं दे रही, बल्कि खर्च की गुणवत्ता को भी प्राथमिकता दी जा रही है। राज्यों को भी 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण दिए गए हैं, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलेगी।

## अयोध्या में दलित महिला की क्रूर हत्या पर राहुल गांधी ने योगी सरकार पर साधा निशाना

तीन दिनों से गूंजती बच्ची के परिवार के मदद की पुकार पर अगर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन की रक्षा हो सकती थी। एक और बेटी के जीवन का इस घिनौने अपराध से अंत हो गया। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह रोना-तड़पना पड़ेगा?'

राहुल ने आगे लिखा, 'बहुजन विरोधी भाजपा राज खास कर उत्तर प्रदेश में दलितों पर घृणित अत्याचार, अन्याय और हत्या बेलगाम बढ़ता जा रहा है।' उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार से इस अपराध की जांच करने की मांग की। उन्होंने लिखा, 'उत्तर प्रदेश सरकार इस अपराध की तुरंत जांच कर, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के साथ ज़िम्मेदार पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करे। और कृपया कर पीड़ित परिवार को हमेशा की तरह प्रताड़ित न करें। देश की बेटियां और पूरा दलित समाज न्याय के लिए आपकी ओर देख रहा है।'

## अमेरिकी सामान पर लगाएंगे 25 फीसदी टैरिफ, मैक्सिको ने भी ट्रंप को दिया जवाब

जस्टिन ट्रूडो ने यह एलान किया

कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि मैं सीधे अमेरिकियों हमारे सबसे करीबी दोस्तों और पड़ोसियों से बात करना चाहता हूं। यह ऐसा विकल्प है जो कनाडाई लोगों को नुकसान पहुंचाएगा, लेकिन इस फैसले के अमेरिकी लोगों के लिए वास्तविक परिणाम होंगे। जैसा कि मैंने लगातार कहा है कि कनाडा के खिलाफ टैरिफ आपकी नौकरियों को खतरे में डाल देगा।

पीएम ट्रूडो ने कहा कि राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने कई वर्ष पहले कहा था कि भूगोल ने हमें पड़ोसी बनाया है। इतिहास ने हमें मित्र बनाया है। अर्थशास्त्र ने हमें साझेदार बनाया है और आवश्यकता ने हमें मित्र बनाया है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरूआत करना चाहते हैं, तो बेहतर रास्ता कनाडा के साथ साझेदारी करना है, न कि हम पर टैरिफ लगाना।

इससे पहले ट्रूडो ने एक्स पर लिखा कि कनाडाई लोग ऐसा नहीं चाहते थे, लेकिन वे इसके लिए तैयार हैं। ट्रूडो ने इस मामले को लेकर पहले मंत्रिमंडल से चर्चा की थी। अब वे मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम से बात करेंगे। अमेरिका ने 4 फरवरी से अधिकांश कनाडाई वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ और ऊर्जा पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात कही है। मैंने आज शीर्ष नेताओं और हमारे मंत्रिमंडल से मुलाकात की है। मैं जल्द ही मैक्सिको की राष्ट्रपति शीनबाम से बात करूंगा।

यह बोलीं मैक्सिको की राष्ट्रपति शीनबाम

मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल आपराधिक संगठनों से मैक्सिको का कोई संबंध नहीं है। अगर अमेरिका इन संगठनों से निपटना चाहता है तो हमें मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन हमेशा साझा जिम्मेदारी, आपसी विश्वास, सहयोग और सबसे बढ़कर संप्रभुता के सम्मान के सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जा सकता। मैं समन्वय को हां कहती हूं और अधीनता को ना कहती हूं। उन्होंने साझा चिंताओं को दूर करने के लिए दोनों देशों की शीर्ष सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा टीमों के साथ समूह बनाने का प्रस्ताव रखा।

शीनबाम ने एक्स पर लिखा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप को प्रस्ताव देती हूं कि हम अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य और सुरक्षा टीमों के साथ कार्य समूह स्थापित करें। समस्याएं टैरिफ लगाने से हल नहीं होती हैं बल्कि बातचीत और संवाद से हल नहीं होती हैं। जैसा कि हमने हाल ही में अमेरिकी विदेश विभाग के साथ मिलकर अप्रवासियों के मुद्दे पर काम किया। मैक्सिको की टीम प्रवासियों से संबंधित मामलों में अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में थी। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रवासियों की गिरावट में का जो ग्राफ सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, वह मेरी ही टीम ने बनाया था। टीम लगातार उनके साथ संवाद में थी।

उन्होंने कहा कि मैं अर्थव्यवस्था सचिव को प्लान बी बनाने का निर्देश देती हूं, जिस पर हम काम कर रहे हैं। इसमें मैक्सिको के हितों की रक्षा के लिए टैरिफ और गैर टैरिफ उपाय शामिल हैं। बलपूर्वक नहीं सब कुछ तर्क और सही तरीके से होगा। मैक्सिको की राष्ट्रपति शीनबाम ने अमेरिका की ओर से लगाए गए आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने मैक्सिको के आपराधिक संगठनों के साथ संबंध के आरोप लगाए हैं। हम इसे खारिज करते हैं। चार महीनों में हमारी सरकार ने 40 टन से अधिक ड्रग्स जब्त किए हैं। 10 हजार से अधिक लोगों को पकड़ा है।

ट्रंप ने किया ये एलान

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगाने का एलान किया। व्हाइट हाउस ने कहा कि कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत तथा चीन से आयात होने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) लागू हो गए हैं। इन टैरिफ के परिणामस्वरूप अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए कनाडा, मैक्सिको और चीन में बने सामान काफी महंगे हो सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मैक्सिको, कनाडा और चीन से आयात पर टैरिफ लागू कर दिए हैं। मैक्सिको और कनाडा से आयात पर 25% और कनाडाई ऊर्जा पर 10% टैरिफ लगाया गया है, जबकि चीन पर 10% अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है।

# मदर इंडिया पब्लिक स्कूल मुरादनगर द्वारा बसंत पंचमी पर निकाली गई भव्य शोभा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मुरादनगर। रविवार को बसंत पंचमी के अवसर पर मदर इंडिया पब्लिक स्कूल मुरादनगर के छात्रों द्वारा विद्यालय के नजदीकी क्षेत्रों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में स्कूल के बच्चे सरस्वती माता व भारत माता के रूप में सुसज्जित होकर घोड़ियों तथा गाड़ियों के माध्यम से आरूढ़ होकर आगे-आगे चल रहे थे। उनके पीछे विद्यालयों के बच्चे पंक्तिबद्ध विभिन्न प्रकार के नारे के पोस्टर लेकर व तिरंगे तथा पीले झंडे हाथों में लिए देश भक्ति के नारों का उद्घोधन कर रहे थे। रास्ते में अनेक स्थानों पर स्कूल के



अभिभावकों व आम नागरिकों द्वारा सरस्वती माँ का पूजन व बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों, अध्यापकों व अभिभावकों का उत्साह देखते ही बनता था। रैली का उद्घाटन संस्था के चेयरमैन पायलट राकेश त्यागी द्वारा झंडी दिखाकर किया गया।

इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योत्सना त्यागी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बसंत पंचमी को माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन खास तौर पर मां सरस्वती की पूजा होती है।

इस बार इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है क्योंकि इस दिन शुभ संयोग का निर्माण हो रहा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार बसंत पंचमी के दिन ही मां सरस्वती का जन्म हुआ था। इस अवसर पर डायरेक्टर अर्चित त्यागी, एकता, अक्षय, नीरा, रजनी आदि अनेक गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# कल्पना चावला के जीवन से प्रेरणा ले सभी : बॉबी चौधरी

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। जनपद भर में अंतरिक्ष परी कल्पना चावला की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया और सभी ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी बॉबी चौधरी ने बताया कि 16 जनवरी वर्ष 2003 को भारतीय मूल की पहली अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला ने नासा के कोलंबिया स्पेस शटल से अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन वह दोबारा धरती पर लौट नहीं पाई। धरती पर लौटते समय 1



फरवरी वर्ष 2003 को कल्पना चावला का स्पेश शटल दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में इस स्पेश शटल में सवार कल्पना चावला समेत सभी सातों अंतरिक्ष यात्रियों की मौत हो गई थी। उनका जन्म 1 जुलाई वर्ष 1962 को हरियाणा के करनाल में हुआ था। वह चार भाई बहनों में सबसे छोटी थी। उन्हें बचपन से ही अंतरिक्ष से लगाव था। वह अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थी।

कहा कि युवा पीढ़ी को कल्पना चावला के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके विचारों, कार्यों व सिद्धांतों का अनुसरण करना चाहिए। अंत में सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

# वरुण रस्तौगी चौथी बार बने कल्कि फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष

बागपत। कल्कि फाउन्डेशन ट्रस्ट (रजि) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए किए गए चुनाव में सर्वसम्मति से निर्विरोध पुनः एक बार फिर वरुण रस्तौगी को लगातार चौथी बार 3 वर्ष के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।

संगठन के मान सम्मान व विस्तार और विश्व स्तर पर कल्कि फाउन्डेशन ट्रस्ट को मजबूत करने के लिए वरुण रस्तौगी जी पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

विश्वभर में कल्कि फाउन्डेशन ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए वरुण रस्तौगी ने कहा कि मेरा कल्कि परिवार ही मेरी ताकत है जो हर सुख दुख में ओर विषम परिस्थितियों में भी



संगठन से जुड़े रहे हैं। वरुण रस्तौगी ने आगे ये भी बताया कि 25 अप्रैल 2025 को संगठन के 15 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं जो कि समस्त कल्कि परिवार के लिए गर्व की बात है। वरुण रस्तौगी ने बताया कि कल्कि फाउन्डेशन ट्रस्ट एक सक्रिय सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं गैर - राजनीतिक पंजीकृत एनजीओ है। जिसकी स्थापना 25 अप्रैल 2010 को वरुण रस्तौगी द्वारा कल्कि नगरी सम्भल, उत्तर प्रदेश में की गई थी। वर्तमान में संगठन का केंद्रीय कार्यालय गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश में है। समाजहित और देशहित के कार्यों में कल्कि परिवार सदैव आगे रहा है और अपना सौभाग्य समझता है। राष्ट्र निर्माण में कल्कि फाउन्डेशन ट्रस्ट अहम भूमिका निभा रहा है।

ऑनलाइन व ऑफलाइन संगठन से जुड़े आप सभी साथियों का प्यार और साथ आगे भी मिलता रहे। कलयुग युगावतार भगवान श्री कल्कि जी से प्रार्थना है कि उनकी अपार कृपा दृष्टि हम सभी पर सदैव बनी रहे।

# घटिया सड़क का निर्माण करने वाली फर्मों पर ढाई लाख जुमार्ना



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। नगर निगम के चार निर्माण कार्यों की पहली बार मौके पर ही मशीन से जांच की गई। दो निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री के इस्तेमाल की पुष्टि के बाद उन्हें कराने वाली फर्मों पर ढाई लाख का जुमार्ना डाला गया है।

नगर निगम के चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी ने निर्माण कार्यों की जांच की। हार्टमन क्रॉसिंग के पास नर्सरी रोड पर हॉटमिक्स सड़क सुधार कार्य संतोषजनक मिला। गांधीपुरम वार्ड- 46 में आश्रमगृह रोड से खुशबू नर्सरी होते हुए समाधि गौंटिया तक नाले के निर्माण में लगाई जा रही ईंटों की स्ट्रेन्थ की जांच की गई तो वे 20 फीसदी कमजोर पाई गईं। चिनाई में मसाला भी ठीक नहीं पाया गया। चीफ इंजीनियर ने इस पर यह काम करा रही फर्म एमबी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स पर दो लाख रुपये की पेनाल्टी लगाई।

वार्ड 17 हरुनगला के अग्रसेन नगर में सीसी टाइल्स सड़क निर्माण और गली अरशी में हॉटमिक्स सड़क के साथ नाली निर्माण की गुणवत्ता भी अधोमानक पाई गई। यह काम करा रही फर्म कैलाश कंस्ट्रक्शंस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। इसी वार्ड के संसार एन्क्लेव में सीसी सड़क निर्माण में लगाई गईं ईंटें संतोषजनक गुणवत्ता की पाई गईं।

सीएम ग्रिड के काम की जांच को आई है मशीन

सीएम ग्रिड योजना के तहत प्रस्तावित सड़कों की निर्माण सामग्री की जांच के लिए मशीन आई है। इसी मशीन से शुक्रवार को नगर निगम के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई। चीफ इंजीनियर ने बताया कि मशीन साइट ऑफिस में रखी है। ईंट, टाइल्स, कंक्रीट जेसी निर्माण सामग्री साइट ऑफिस में लाकर ठेकेदार के सामने जांच की जाती है। फौरन इसका रिजल्ट मिल जाता है।

# बागपत वेलफेयर ट्रस्ट ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत। बागपत वेलफेयर ट्रस्ट बागपत द्वारा बागपत में यमुना पुल पर स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया।

इसमें ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील जैन के नेतृत्व में यमुना पुल की रेलिंग पर बंधी हुई हजारों पॉलीथिन को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कहा कि बागपत वेलफेयर ट्रस्ट सभी नागरिकों से निवेदन करता है कि पॉलीथिन का प्रयोग बंद करें एवं प्रकृति एवं नदियों को स्वच्छ रखने में अपने कर्तव्य का निर्वहन करें। इस अभियान में सुनील जैन, अजय शर्मा, मनोज गोयल, नीरज नैन एवं



राजेश खुराना सभी ने मनोयोग से इस कार्य को किया।

# सुपीरियर इंडस्ट्रीज के केमिकल से जहरीला हुआ पानी, गोवंश की मौत

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। सीबीगंज थाना क्षेत्र में गोवंशीय पशुओं की रहस्यमयी मौतों का सिलसिला जारी है। हाल ही में एक गाय और दो सांडों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। इसे लेकर क्षेत्र के पार्षद राम सिंह पाल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

पार्षद और स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में स्थित सुपीरियर इंडस्ट्रीज (शराब फैक्ट्री) से निकलने वाला जहरीला पानी नालों और तालाबों में मिल रहा है। इसके कारण पशुओं की मौत हो रही है। इससे पहले भी 10-12 पशु इसी तरह मर चुके हैं।

शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृत पशुओं का पोस्टमार्टम कराया गया है और रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि यदि शराब फैक्ट्री की लापरवाही साबित होती है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

लोगों में गुस्सा, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मामले की गहराई से जांच होनी चाहिए और यदि फैक्ट्री दोषी पाई जाती है, तो उसे तुरंत बंद किया जाए। इस घटना के बाद गांव के लोग चिंतित हैं और प्रशासन से जल्द से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

# ज्ञापित किया



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

संस्कार भारती के उपाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के पत्रकार श्री कृष्णकांत सोनी नेशनल प्रेस टाइम्स के ब्यूरो चीफ श्री अरविंद संज्ञा, ललित सुझाव संपादक श्रीमती पुष्पा झा आदि द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती के अध्यक्ष पंडित बृजमोहन संज्ञा द्वारा किया गया तथा उपस्थित अतिथियों का आभार महामंत्री श्री के के पाठक द्वारा ज्ञापित किया गया । इस अवसर पर संस्कार भारती के, संरक्षक श्री गोविंद नारायण व्यास श्री मनोज चौबे,उपाध्यक्ष पंडित लक्ष्मी नारायण शर्मा, राजा ओंकार सिंह तोमर, बुंदेलखंड विकास सेना से राजकुमार कुशवाहा अमर सिंह बुंदेला , श्री मुन्ना महाराज त्यागी, खुशाल बरार, श्री शिव शंकर पाठक , मास्टर शिवा झा आदि के अलावा भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे

# 16 फरवरी को मनाया जायेगा वसंतोत्सव

बरेली,अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की एक अतिमहत्वपूर्ण बैठक विद्युत निरीक्षण भवन में आयोजित की गयी।जिसकी अध्यक्षता देवेन्द्र सिंह देवलिया ने की।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि इस बार का उत्तराखंड गौरव सम्मान अभिनेत्री श्वेता माहरा और अभिनेता अनिल घिल्डियाल को दिया जायेगा।महासचिव चंदन सिंह नेगी ने बताया कि इस बार लगभग 20 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा।मीडिया प्रभारी देवेन्द्र रावत ने कहा कि इस बार का वसंतोत्सव 16 फरवरी को कूर्मांचल नगर में मनाया जायेगा।इस बार उत्तराखंडी,भोजपुरी,बॉलीवुड अभिनेत्री श्वेता माहरा के साथ ही स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।सांस्कृतिक प्रभारी आनंद रोधियाल ने कहा कि इस बार साउंड और लाइट का विशेष प्रबंध रहेगा।सभी टीमें अपनी तैयारियों में लगी हैं।कोषाध्यक्ष के.सी. जोशी ने आय का व्योरा पेश किया।इस अवसर पर जीत सिंह अधिकारी,कुंवर सिंह बिष्ट,बसंत डालाकोटी,भास्कर सिंह रावत,प्रमोद कुमार पंत,महेश पाण्डे,टेक सिंह नेगी,दीवानी चंद,ब्रिजेश कुमार मिश्रा,अभिनीत सिंह नेगी,गोपाल सिंह मेहरा,जगदीश चन्द्र काला,पुष्कर राणा आदि उपस्थित रहे।

# आजादी कभी बिना जंग के हासिल नहीं होती- कर्नल टीपी त्यागी

## दे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल महज एक झूठ



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

गाजियाबाद। मंगलवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था के मुख्यालय , 133 बी मॉडल टाउन ईस्ट में गाजियाबाद इकाई के रजापुर ब्लॉक के सदस्यों की एक बैठक आयोजित की गई। रजापुर ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष धीरेन्द्र त्रिपाठी ने ₹दे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल, साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल₹ जैसी लाइनों की जमकर धज्जियां उड़ाईं। उन्होंने कहा कि दुनिया में किसी भी देश ने आजादी बिना जंग के नहीं पाई है। कोई भी लड़ाई बिना तलवार के कैसे लड़ी जा सकती है और कैसे जीती जा सकती है। लगातार हमें इस कदर झूठ परोसा जा रहा है और हम उसी को सच मानकर बैठ गए हैं। जिला गाजियाबाद के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि सन 1948 में खुद ब्रिटेन के तत्कालीन प्रधानमंत्री ऐडमन एटली ने भारत आकर कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश को बताया था कि हम नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज के संघर्ष के कारण भारत को छोड़ कर गए थे। उन्होने यह भी बताया था कि भारत छोड़कर जाने पर मोहनदास करमचंद गांधी का योगदान न के बराबर था।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मणिपुर के मोयरंग में आजाद हिन्द फौज ने अंग्रेजों को बुरी तरह हराया था। आजाद हिंद सरकार बकायदा 4 महीने चली थी। तत्कालीन भारतीय नेताओ ने यदि आजाद हिन्द सरकार का साथ दिया होता तो अविभाजित भारत को सम्पूर्ण आजादी उसी समय मिल गई होती। इतने बड़े सच को आज तक छुपाया गया है और झूठ बताया जा रहा है की गांधी ने आजादी दिलवाई। इस अवसर पर संदीप चौधरी, सूबेदार ओम पाल सिंह, जिले सिंह तेवतिया, सतीश चंद, दिलीप कुमार शर्मा, दिनेश राणा, हेमेन्त द्विवेदी, डॉ आर के शर्मा, नरेंद्र सिंह, गणेश चंद पांडे, संत बक्स, मनीष, कृष्णा, अजय वर्मा,गौरव बंसल आदि ने निर्णय लिया कि आजादी के बारे में लगातार फैलाये गए इस झूठ का पदार्फाश करने के लिए 14 अप्रैल को राष्ट्रीय सैनिक संस्था की रजापुर इकाई एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगी।

पत्रकारों संग की वार्ता : भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष की पहल पर पदाधिकारियों न

# मनमुटाव भुलाकर एक दूसरे के सहयोग का किया वादा

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। भाकियू जिलाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह गिल की पहल पर भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने रविवार को नगर के निरीक्षण भवन में युवा जिलाध्यक्ष रनजीत यादव और शाहबाद ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव के नेतृत्व में शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष आफताब , महासचिव सिफत मियां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खान संस्थापक अंकित गुप्ता और संरक्षक सखावत अली के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात की और बीते दिनों एक घटनाक्रम को लेकर पैदा हुए मनमुटाव को खत्म करने की गुजारिश की। बातचीत सकारात्मक माहौल में हुई। बैठक में



सबसे पहले भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह गिल का पत्र पढ़कर पत्रकार एसोसिएशन को सुनाया गया जिसमें पिछले दिनों हुए विवाद पर खेद व्यक्त करते हुए आगे से एक दूसरे के सहयोग करने की अपेक्षा की गई थी। दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों में यह तय हुआ कि पिछले दिनों जो मनमुटाव हुआ था उसे भूल कर अब नए सिरे से एक दूसरे का सहयोग किया जाएगा।

तथा आगे से कोई भी गलतफहमी जिसके कारण कोई मनमुटाव हो उसको आपस में बैठकर पहले से ही हल कर लिया जाएगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, जिला प्रचार मंत्री तेजपाल सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह, ब्लॉक महासचिव अंसार सैफी, गुफरान खा, बन्नू सिंह, लालाराम यादव, हरिओम, शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संरक्षक सखावत अली, संस्थापक अंकित गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खा, कनिष्क उपाध्यक्ष विशाल जोशी, कोषाध्यक्ष मुस्तफा अली, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, सचिव आकाश शंकर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, वरिष्ठ सदस्य शराफत हुसैन, सदस्य वीरेंद्र सिंह, शावेज छोटे, उपस्थित रहे।

संपादकीय

# कनाडाई आयोग की रिपोर्ट भारतीय पक्ष में

अपनी सरकार बचाने के लिये भारत विरोध की हद पार करने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को करारी शिकस्त मिली है। जिन लोगों को खुश करने के लिये ट्रूडो भारत के खिलाफ बेतुके आरोप गढ़ रहे थे, उन्होंने भी उनका साथ नहीं दिया। उस दल की समर्थन वापसी के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है और नये प्रधानमंत्री के चुने जाने तक कार्यवाहक दायित्व निभा रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को भी इतिहास के सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया था। निज्जर हत्या मामले में विदेशी हाथ के नाम पर भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद इस बाबत एक जांच आयोग बैठा था। बीते मंगलवार कनाडाई जांच आयोग ने भारत के खिलाफ रचे गए आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ होने के आरोप लगाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन कनाडाई आयोग ने सारी शंकाओं को दूर कर दिया है। आयोग ने अपनी रपट में साफ किया कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या में विदेशी भूमिका के बाबत कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जाहिर है, तथ्यों को तोड़मरोड़ कर ट्रूडो ने जिस तरह भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची थी, उस पर पानी फिर गया है। इस तरह ट्रूडो ने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये समर्थन देने वाले जिस दल को खुश करना चाहा था, उसने भी समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर भारत के साथ संबंधों को भी उन्होंने सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया। ट्रूडो को लेकर एक बार फिर वही कहावत चरितार्थ हुई है कि ह्यन खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम, न इधर के हुए न उधर के हुएह्न। बहरहाल, इस रिपोर्ट के आने बाद आस जगी है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि ट्रूडो ने न केवल देश के सार्वजनिक मंचों बल्कि अपने देश की संसद में भी आरोप लगाया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका रही है। निश्चित रूप से कनाडा की संसद में दिया गया ट्रूडो का यह बयान अपरिपक्व व गैरजिम्मेदार था। आखिर कैसे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मयार्दाओं का ध्यान रखे बिना किसी देश को कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? कैसे ट्रूडो ने बिना जांच-पड़ताल के ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को दोषी घोषित करने के नापाक मंसूबे पाल लिए? भारत ने कई बार ट्रूडो सरकार से सबूत मांगे, जो भारत को कभी उपलब्ध ही नहीं कराए गए। इस तरह भारत के पक्ष पर मोहर लगाकर कनाडाई जांच आयोग ने साबित कर दिया है कि ट्रूडो का भारत विरोध दुराग्रहों से ही प्रेरित था। यही वजह थी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को अपने देशों से निकाला और इससे नागरिकों का मुक्त आवागमन बाधित हुआ है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कनाडा में उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से नीचे गिरा। कालांतर देश के मिजाज को समझते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नये नेता का चुनाव होने तक ही उन्हें इस पद पर रहने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस साल कनाडा में आम चुनाव होने वाले हैं। बहरहाल, इस मामले में ट्रूडो के आरोप खारिज होने के बाद भारत के खिलाफ मुहिम चलाने वालों का भी मनोबल जरूर गिरेगा। ऐसे में भारत उन देशों पर आने वाले समय में दबाव बना सकेगा, जो अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत विरोधी गतिविधियों को शह देते हैं। खासकर अमेरिका व ब्रिटेन की सरकारों को इस पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस साल होने वाले आम चुनावों के बाद कनाडा में जो नई सरकार आएगी, उसके साथ भारत के बेहतर संबंध स्थापित हो पाएंगे। निश्चय ही नयी सरकार अतीत की गलतियों से सबक लेकर रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में गंभीर पहल करेगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि ट्रूडो के शासनकाल में सबसे निचले स्तर तक पहुंचे भारत-कनाडाई रिश्तों में नई सरकार आने के बाद उम्मीदों के अनुरूप गर्मजोशी लौटेगी।

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष

**यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया।**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है।

राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है।

यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी हुए थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिंदी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। बयान में कहा गया कि संभवतः ये नेता हिंदी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या कर ली। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि ऐसे भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बयानों से बचा जाना चाहिए, जो न केवल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए यह भी कहा कि इस तरह की टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं और इन्हें टाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क रहें। राष्ट्रपति भवन की यह कठोर प्रतिक्रिया कांग्रेस नेताओं के लिये सबक एवं सीख बननी चाहिए।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने न केवल गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। कांग्रेस न जाने क्यों मानसिक दुर्बलता की शिकार है कि उसे अंधेरे सायों से ही प्यार है। ऐसे राजनीतिक दलों एवं सोनिया गांधी जैसे राजनेताओं की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजालों के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है सोनिया जैसे राजनेताओं की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। इसीलिये राष्ट्रपति भवन ने यह सही कहा कि सोनिया गांधी की ओर से जो टिप्पणी की गई, वह सर्वथा टालने योग्य थी। शीर्ष नेताओं को अपनी बात कहते समय पद की गरिमा के साथ अपने शब्द चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उस समय तो और भी जब टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ में की जा रही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, वे किसी की आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं।

सोनिया गांधी अपने आपको सक्षम राजनीतिज्ञ मानती होंगी, वे विरोध एवं व्यक्तिगत आलोचना की राजनीति की खिलाड़ी भी स्वयं को साबित करने में जुटी हो, भले ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध में सारी हदें लांघी हो, लेकिन भारत की राजनीति केवल विरोध पर जीवंत नहीं रह सकती। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बहुत बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपने विवेक को गिरवी रखकर समालोचना करता है, उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जायेगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए? कांग्रेस की इस श्रृंखला का कहीं अंत ही दिखाई नहीं देता। रचनात्मक समालोचना हो, तथ्यों के आधार पर हो, विवेकसम्मत हो तो उसके बारे में चिंतन भी किया जा सकता है। लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किन्तु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए? कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है। पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है।

प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्ट्रपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा? सोनियाजी राजनीति ही करनी है तो मूल्यों की राजनीति करो, देश सेवा की राजनीति करो, जनता के दिलों को जीतने की राजनीति करो। उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास एवं चरित्र हनन के उद्देश्य से किया जाने वाला ऐसा राजनीतिक प्रयत्न कितना जघन्य होता है, समझने वाली जनता अच्छी तरह समझती है।

# प्रयागराज हादसा- भीड़ ने महाकुंभ प्रबंधन को दिए कई सबक

निस्संदेह, प्रयागराज महाकुंभ का हादसा राज्य एजेंसियों को एक चेतावनी है कि वे पिछली गलतियों से सबक लें और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने कामकाज में सुधार करें। साथ ही श्रद्धालुओं को जागरूक व अनुशासित करने के प्रयागराज महाकुम्भ में भगदड़ की दुर्भाग्यपूर्ण घटना चिन्ता का विषय है। ह्यमौनी अमावस्याह्न के अवसर पर संगम क्षेत्र में अमृत-स्नान करने के लिए आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालु एकत्रित हुए। लोगों की आस्था और विश्वास की डोर इतनी मजबूत है कि हर कोई 144 वर्षों के बाद आए इस ऐतिहासिक क्षण पर संगम में पवित्र डुबकी लगाना चाहता था। यह दुर्घटना अखाड़ों के अमृत स्नान से पहले सुबह लगभग 1 बजे हुई, जब कुछ तीर्थयात्री पारम्परिक अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के मार्ग को चिह्नित करने वाली रुकावटों को पार करने का प्रयास करने लग गए थे। यह संतोष की बात है कि पुलिस हरकत में आई और तुरन्त सामान्य स्थिति बहाल कर दी गई।

धार्मिक समागमों के दौरान भगदड़ हो जाना एक सामान्य बात हो गई है। प्रशासक शुरूआती झटकों के बाद इन्हें भूल जाते हैं। जनवरी, 2025 में आंध्र प्रदेश के एक प्रमुख मंदिर में मुफ्त दर्शन पास पाने की कोशिश में मची भगदड़ में 6 भक्तों की मौत हो गई। अपने धार्मिक गुरु की करीब से झलक पाने की चाहत में उ.प्र. के हाथरस में 121 लोगों की जान चली गई थी। नवम्बर, 2023 में नवरात्रि समारोह के दौरान मध्य प्रदेश के रतनगढ़ मन्दिर में भगदड़ में 115 तीर्थयात्रियों ने जान गंवाई थी। फरवरी, 2013 में उ.प्र. के कुम्भ मेले में एक और भगदड़ हुई थी, जिसमें 36 भक्तों की जान गई। उ.प्र. में एक मन्दिर में मुफ्त भोजन और कपड़े पाने के लिए धक्का-मुक्की में 63 लोग कुप्रबंधन के कारण मारे गए थे। सितम्बर, 2008 में हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मन्दिर में भू-स्खलन की अफवाह के चलते मची भगदड़ में 145 श्रद्धालु मारे गए थे। जनवरी, 2005 में महाराष्ट्र के मंदारदेवी मन्दिर में फिसलन भरी सीढ़ियों के कारण 265 लोगों की मृत्यु हुई थी। ऐसी सूची अंतहीन है।

ऐसी मानवीय त्रासदियों की पुनरावृत्ति दशार्ती है कि व्यवस्था भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त सबक नहीं सीखती है। फिर भी तथ्य है कि भीड़ में भगदड़ के मूल में कहीं न कहीं लोगों में व्याप्त अनुशासनहीनता ही होती है। व्यवस्था का कुप्रबंधन त्रासदी को और बढ़ा देता है। विडंबना यही है कि न तो भीड़ अनुशासन का पाठ सीखती है और न ही व्यवस्था पिछली घटनाओं से पर्याप्त सबक लेती है।



आयोजन से पहले भीड़ का आकलन और पूरे महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं के दैनिक आगमन की निगरानी महत्वपूर्ण है। संगम क्षेत्र में तीर्थयात्रियों के प्रवेश को उनके लिए उपलब्ध वास्तविक स्थान को ध्यान में रखते हुए विनियमित किया जाना चाहिए था। श्रद्धालुओं की संख्या में चमत्कारी आंकड़े के लोभ में व्यवस्था ऐसा करने में चूकी। सभी राज्यों की पुलिस एजेंसियों के साथ समन्वय करके एक तंत्र होना चाहिए था, जिससे प्रतिदिन श्रद्धालुओं के आवागमन की संख्या का पूवार्नुमान लग सके। त्रासदी के बाद प्रयागराज में लोगों को ले जाने वाली रेलों और बसों की आवाजाही पर लगाए गए प्रतिबंधों को यदि भीड़ के पूरी क्षमता तक पहुंचने से बहुत पहले ही लगा दिया जाता तो दुर्घटना से बचा जा सकता था। कई श्रद्धालु सबसे पहले स्नान करने की चाह में और कई अन्य पवित्र स्नान करने के बाद भी क्षेत्र में जमे रहे। कुछ लोग तो कई दिनों तक संगम की रेती पर बैठे रहे, जिससे अधिक भीड़भाड़ हो गई। जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को संगम क्षेत्र में प्रवास को सीमित करने और स्थान खाली करने के लिए परामर्श प्रसारित कर इसे रोका जा सकता था। यह सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा बल की तैनाती होनी चाहिए थी कि संगम क्षेत्र में घूमने-स्नान करने वाले क्षेत्रों में भीड़भाड़ न हो।

सभी प्रवेश बिंदुओं पर अस्थाई रूप से भीड़ को रोकने तथा स्नान-घाटों पर उपलब्ध स्थान के अनुसार उन्हें समूहों में छोड़ने के लिए ह्यहोल्डिंग एरियाह्न की योजना बनाना हमेशा उचित होता है। इस प्रकार के ह्यहोल्डिंग एरियाह्न मुख्य आयोजन-स्थल से काफी दूर हों। संगम क्षेत्र से तीर्थयात्रियों के शीघ्र निकास के लिए जलमार्ग की योजना भी बनाई जा सकती थी। यातायात-जाम से बचने के लिए प्रवेश तथा निकास मार्ग अलग-अलग होने चाहिए। बेहतर होता यदि स्नान के लिए क्षेत्रवार दिन तय करके लोगों को सूचित कर दिया जाता। स्नान क्षेत्र की लम्बाई-चौड़ाई बढ़ाई जा सकती है। अन्यथा भी, भगदड़ के बाद, प्रयागराज क्षेत्र में, जहां भी अवसर मिले, पवित्र गंगा में डुबकी लगाने की सलाह देकर ऐसा किया गया। पुलिस जनों की शिफ्टवार ड्यूटी सुनिश्चित कर उन्हें उचित आराम करने का मौका देना जरूरी है। कहा गया है कि जब रात में दुर्घटना हुई तो पर्याप्त पुलिस-बल न था, शायद पुलिस लम्बी ड्यूटी के लिए तैयारी कर रही थी।

जब किसी खास दिन इतनी बड़ी भीड़ होती है, तो अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए विशेष मार्ग बनाना और उसकी सुरक्षा करना बहुत मुश्किल होता है। अति विशिष्ट व्यक्तियों के दौरे की योजना ऐसे दिन बनाना उचित है, जब तुलनात्मक रूप से कम श्रद्धालु हों। अखाड़ों के अमृत स्नान के लिए उपयुक्त क्षेत्र और समय पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। खराब गुणवत्ता वाली बैरिकेडिंग की तुलना में कोई बैरिकेडिंग न होना बेहतर होता है, क्योंकि इससे सुरक्षा का छद्म आभास होता है।

महाकुम्भ में भगदड़ राज्य एजेंसियों को एक और चेतावनी है कि उन्हें अपनी पिछली गलतियों से सबक लेना चाहिए और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने कामकाज में सुधार करना चाहिए। कुप्रबंधन के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया ही जाना चाहिए।

# हाईवे पर दौड़ता हुआ अनियंत्रित होकर नाले में पलटा



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा में हाईवे थाना क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर शनिवार की सुबह जैन मोटर साइकिल शोरूम के समीप अनियंत्रित ट्रक नाले में पलट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक में फंसे चालक और परिचालक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। उपचार के लिए अस्पताल भेजा। हाईवे थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही ने बताया कि शनिवार की सुबह आगरा से दिल्ली की ओर जा रहा ट्रक हाईवे पर अनियंत्रित हो गया। ट्रक को अनियंत्रित देख राहगीरों ने शोर मचाया तो आसपास अफरातफरी मच गई। चालक ने ट्रक को नियंत्रित करने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। इसके बाद उसने लोगों की जान बचाने के लिए ट्रक को नाले की ओर मोड़ दिया। ट्रक नाले में जाकर गिरा और चालक देवीपुर निवासी अजय सिंह उसी में फंस गया। चालक को फंसा देख पहले तो स्थानीय लोगों ने खुद ही चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन जब सफलता नहीं मिली तो हाईवे पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार शाही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकाला। उपचार के लिए अस्पताल भेजा। साथ ही ट्रक को क्रेन की मदद से बाहर निकालकर चालक के परिजन और ट्रक स्वामी को सूचना दी।

# संत प्रेमानंद ने की गिरिराज परिक्रमा, चैतन्य बाबा का जाना हाल

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



मथुरा। गोवर्धन में संत प्रेमानंद महाराज ने शनिवार को इंद्र मान भंग पूजा स्थल पहुंचकर गिरिराज प्रभु के दर्शन किए और परिक्रमा आरंभ की। जतीपुरा-गोवर्धन मार्ग स्थित सत्यनारायण मंदिर तक परिक्रमा के बाद वे लौट गए। इस दौरान कच्चे मार्ग पर उनकी भेंट प्रतिदिन तीन परिक्रमा करने वाले संत चैतन्य बाबा से हुई। दोनों ने एक दूसरे का हाल चाल जाना। करीब आधा घंटे तक सत्संग किया। दरअसल, संत प्रेमानंद महाराज 25 जनवरी को सुबह 5 बजे राधाकुंड पहुंचे थे। वहां से उन्होंने गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा की शुरूआत की। इस दिन करीब 7 किलोमीटर चलने के बाद बड़ी परिक्रमा मार्ग स्थित गांव आन्यौर के गोविंद कुंड पहुंचने पर उन्हें थकावट हुई तो गाड़ी में बैठकर वृंदावन चले।

चार दिन बाद उन्होंने अधूरी परिक्रमा पूरी करने की प्रक्रिया शुरू की। शनिवार को इंद्र मान भंग पूजा स्थल पर सेवायत पवन मुखिया ने प्रभु की प्रसादी चुनरी ओढ़ाकर संत का स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ आदित्य बाबा, कृष्ण दास बाबा, स्वरूप बाबा, राधारमण बाबा, जगन्नाथ बाबा आदि मौजूद रहे।

# मथुरा जंक्शन पर माँ को जेल भेजने के प्रकरण में जीआरपी एसपी ने विवेचक को बदला



मथुरा। जीआरपी ने जंक्शन से बच्ची चोरी का खुलासा करते हुए मां को ही जेल भेज दिया। इस मामले में जीआरपी की जांच टीम ने बरती लापरवाही को लेकर अब जीआरपी एसपी अभिषेक वर्मा ने दुबारा से जांच शुरू करा दी। उधर, एसपी ने मामले की दुबारा विवेचना कर रहे विवेचक को बदल दिया। बच्ची चोरी की घटना का फर्जी खुलासा करने वाले और उसकी विवेचना करने वाले गौरव वर्मा को एसपी ने हटा दिया है। मामले की विवेचना अब दूसरे उप निरीक्षक से कराई जाएगी। फर्जी खुलासे में कौन-कौन दोषी हैं इसकी जांच सीओ जीआरपी से कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। एसपी ने बताया कि डीएनए रिपोर्ट के आधार पर बरामद हुई बच्ची हिना चौहान की साबित हुई है। इससे साबित हुआ है कि घटना का खुलासा करने में लापरवाही हुई है।

इस प्रकरण की जांच सीओ रेलवे से कराई जा रही है। सीओ को जांच के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने वाला बजट: आदित्य मूर्ति



**एनपीटी ब्यूरो**

एसआरएमएस ट्रस्ट के सचिव व एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने केंद्रीय बजट को प्रगतिशील और देश की अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि बजट में 12.75 लाख रुपए तक सालाना वेतन पाने वालों को इनकम टैक्स के दायरे से बाहर रख सरकार ने मध्यम वर्ग के लिए बड़ी राहत दी है। गंभीर बीमारियों की 36 जीवनरक्षक दवाओं से ड्यूटी टैक्स भी इलाज कराने वालों के लिए बड़ी मदद है। इसके साथ ही मेडिकल कॉलेज में 75 हजार सीटें और बढ़ाना और सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर सेंटर बनाने की घोषणा भी स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए किसी सौगात से कम नहीं। इससे स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी और आम लोगों को इसका ज्यादा फायदा मिलेगा। कुल मिलाकर यह बजट इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने वाला आम जनता का बजट है।

# रेसलर शैंकी सिंह ने बांकेबिहारी के दर्शन कर की पूजा-अर्चना



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में रेसलर शैंकी सिंह ने शनिवार को ठाकुर श्रीबांकेबिहारी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर के सेवायत गोस्वामियों ने पूजन कराया और अंग वस्त्र, प्रसाद दिया। आराध्य के दर्शन के बाद डब्लू डब्लू ई में विदेशी रेसलरों का मुकाबला कर चुके रेसलर शैंकी सिंह ने कहा कि मथुरा के रामलीला मैदान में 23 फरवरी को पहली बार रेसलर प्रतियोगिता होने जा रही है। इसमें देशी-विदेशी रेसलरों के बीच मुकाबला होगा। उन्होंने कहा कि दाऊजी महाराज ने द्वापरयुग में मल्ल विद्या की शुरूआत की। इस कारण मथुरा मल्ल विद्या के लिए प्रसिद्ध रहा है लेकिन उस रेसलिंग और वर्तमान रेसलिंग में फर्क है। रेसलर शैंकी सिंह ने कहा कि मथुरा की मिट्टी में जो दमखम है, वह अनमोल है। मेरी इच्छा है कि यहां के युवा इस मंच के जरिए रेसलिंग के क्षेत्र में आगे आएं और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचें। इससे पूर्व मथुरा पहुंचे रेसलर का युवाओं ने जगह-जगह स्वागत किया।

# नाविकों का छठवें दिन धरना समाप्त, अब वृंदावन के घाटों पर नहीं चलेगा क्रूज



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में क्रूज सहित तीन मांगों को लेकर मिले आश्वासन के बाद छठवें दिन शनिवार को केशीघाट पर चल रहा नाविकों का धरना समाप्त हो गया। क्षेत्रीय विधायक की मौजूदगी में पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों ने उनकी मांगों को सुना। नाविकों ने कहा कि जो मांगें मानी गई हैं उन्हें दो दिन में प्रशासन लिखित में दे। केशीघाट पर चल रहे धरने के छठवें दिन क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत शर्मा नाविकों के बीच पहुंचे। उनके साथ एसपी सिटी, सिटी मजिस्ट्रेट एवं भाजपा कार्यकर्ता थे। विधायक ने नाविकों की समस्या सुनने के साथ ही उनकी मांगों के बारे में जाना। इस पर विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों की मंत्रणा के बाद नाविकों की तीन मांगों को स्वीकार करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि क्रूज निर्धारित तय रूट पर मथुरा-वृंदावन के बीच चलेगा। स्पीड बोट वृंदावन के घाटों पर नहीं चलेगी और नाविकों के विरुद्ध की गई एफआईआर समाप्त की जाएगी। इस पर नाविकों ने खुशी जताते हुए धरना समाप्त करने की घोषणा की। नाविकों का नेतृत्व कर रहे बलवीर निषाद ने कहा कि क्रूज एवं स्पीड बोट को बंद कराने के लिए पिछले छह माह से मांग क रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशासन जो मांगें मानी हैं, उन्हें दो दिनों में लिखित में दें। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, रोनू वार्ष्णेय, विनीत शर्मा एवं नाविक मोती निषाद, गुलाब निषाद, दुर्गी, महेंद्र, सुरेश, देवो, कन्हैया, उमाशंकर भीमसेन, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

**अब आपको 10 दिन तक होटल हॉलीडे इन में मिलेगा पिंड द स्वाद**

# 10 दिवसीय फूड फेस्टिवल की हुई शुरूआत, 9 फरवरी तक चलेगा फूड फेस्टिवल



**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। अक्सर आपने आगरा में कई अलग अलग खाने का स्वाद लिया होगा, लेकिन अब आपको आगरा शहर में ही पंजाब के मशहूर खाने का स्वाद मिलेगा। जिसके लिए आज से पांच सितारा होटल हॉलीडे इन में पिंड द स्वाद के नाम से पंजाबी फूड फेस्टिवल की शुरूआत की गई है। इस फूड फेस्टिवल में मेहमानों को पंजाब के लजीज व्यंजन परोसे जाएंगे। मक्के की रोटी और सरसों के साग के साथ ही पंजाब के अलग अलग शहरों के जितने भी फेमस व्यंजन है, वह सभी इस फूड फेस्टिवल में।मेहमानों के सामने परोसे जाएंगे। जिसके मुख्य रूप से पिंड वाला मुर्ग, गोश्त हरि मिर्च वाला कीमा, मुख्तसरी मेथी आलू, गुरदासपुरी डाल तड़का, होशियारपुर का मुर्ग का पुलाव, फिरोजपुरी दम बिरयानी रहेंगे। होटल के एग्जीक्यूटिव शेफ कामरान ने बताया कि आगरा पर्यटन नगरी है, जहां पर प्रतिदिन हजारों देसी और विदेशी सैलानी आते है।

हमारा मकसद है कि आगरा में एक ही छत के नीचे सभी को अलग अलग खाने का स्वाद मिले। इसी सोच को लेकर हमने पिंड द स्वाद के नाम से पंजाबी फूड फेस्टिवल की शुरूआत की है। जो। की अगले दस दिन तक चलेगा। इस फेस्टिवल में आने वाले मेहमान रिजर्वेशन के जरिए अपनी सीट बुक कर सकते है। इस फूड फेस्टिवल में रेट का भी खासा ध्यान रखा है, 1799 + टैक्स के साथ 25 प्रतिशत डिस्काउंट हम मेहमानों को देने का जा रहे है।

इस फेस्टिवल को ध्यान में रखते हुए रेस्टोरेंट को पंजाब की टीम पर सजाया गया है, और जितना भी स्टाफ है सभी को पंजाबी टीम के अनुसार ही खाना परोसने का काम करेंगे। इस दौरान होटल जनरल मैनेजर सचिन ढींगरा, एफएंडबी मैनेजर आयुष पांडे, मार्केटिंग मैनेजर अनुराधा ओबेरॉय के साथ समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# खाटूश्याम को अर्पण किये स्वर्ण मुकुट व कुण्डल

**श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर ट्रस्ट ने निकाली मुकुट अर्पण यात्रा**



**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। ताजगंज के कटरा जोगीदास स्थित श्री दाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर ट्रस्ट की ओर से बंसत पंचमी के अवसर मुकुट और कुण्डल अर्पण यात्रा निकाली गयी। शुरूआत संरक्षक कृष्ण मुरारी अग्रवाल, अध्यक्ष राजू गोयल और सचिव मयंक अग्रवाल ने आरती उतार कर की। यात्रा में खाटू वाले श्याम बाबा झोली भर दे..., दिवाना खाटू का... आदि भजनों पर झूमते गाते केसरिया ध्वजा लहराते हुए पुरूष परम्परागत परिधानों में चल रहे थे तो महिलाएं लाल चुनरी व पीली साडियों में हारे का सहारा, खाटू श्याम हमारा के जयकारे लगा रही थी।

अध्यक्ष राजू गोयल ने कहा कि गीत, संगीत और जयकारे के साथ खाटू नरेश को स्वर्ण मुकुट और कुण्डल को नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा सुबह 10 बजे कसरेट बजार, छोटा बजार, ताजगंज थाना, हनुमान चौक होते हुए श्री दाऊजी महाराज खाटू श्याम मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचकर महंत पिंटू मिश्रा ने मुकुट का पूजन कर बाबा को अर्पण किया। बसंत पंचमी पर मंदिर पर खाटू नरेश का पीले फूलों से हुए श्रृंगार के भक्तो ने दर्शन किये। शाम को ताली कीर्तन आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजेश गुप्ता दीपक मंगल, गिरीश गुप्ता, अनूप अग्रवाल, प्रदीप राठौर, निकेत जिंदल, रुचिका गोयल, संध्या अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, मधु जिंदल, नितिन गुप्ता, विनोद दिवान, सुनील गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मां सरस्वती..आपका ही आधार है ,जो कृपा ना हो तेरी तो मानुष जन्म बेकार है '

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली ,इस्कॉन मंदिर में बसंत पंचमी पर्व पर श्रद्धालु लड्डू गोपाल के साथ भजन गायन करते हुए उत्सव बहुत धूमधाम से अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के रसिकन के साथ मनाया गया काफी संख्या में भक्तों ने इसमें भाग लिया, मधुर गीत गाए गए,जिसमें ₹श्याम श्यामा सलोनी सूरत को श्रृंगार बसंती है, किशोरी श्याम सलोनी सूरत को श्रृंगार बसंती है₹। होली के गीतों का भी सखियों ने आनंद लिया , बसंत से ही होली रंग छूटने की परंपरा होती है, हरे कृष्ण हरे कृष्ण. .व राधा नाम गुणगान के बाद परशादी का वितरण हुआ। कार्यक्रम मै भजन गायक जगदीश भाटिया, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, विनय खंडेलवाल, राकेश खंडेलवाल ,अशोक गोयल,युधिष्ठिर मलिक, के के माहेश्वरी आदि रहे।

**आईपीएस नवनीत सिकेरा एडीजी उत्तर प्रदेश पुलिस ने किया मोशन अकेडमी राजपुर ब्रांच का उद्घाटन**

# मोशन अकेडमी बना आगरा मंडल का पहला

**एनपीटी, ब्यूरो**

आगरा। आगरा के मोशन अकेडमी कोचिंग संस्थान की दूसरी ब्रांच, मोशन अकेडमी 100 फुटा रोड, ताज नगरी, राजपुर का शुभारंभ संस्थान के डायरेक्टर डॉ अरुण शर्मा व जॉइन्ट डायरेक्टर विशाल शर्मा के सानिध्य में हुआ। इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि आईपीएस नवनीत सिकेरा एडीजी उत्तर प्रदेश पुलिस ने छात्र-छात्राओं एवं अविभावको को संबोधित करते हुऐ कहा कि मोशन अकेडमी की दूसरी ब्रांच का शुभारंभ करते हुए उन्हें बहुत हर्ष हो रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि मोशन अकेडमी आगरा मंडल का पहला ऐसा संस्थान है जो कि एआई टेक्नॉलोजी से छात्रों को आईआईटी जेईई व नीट प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराऐगा। एआई बेस्ड सपोर्ट सिस्टम का उद्देश्य स्टूडेंट्स को मेन्टर्स सपोर्ट, ऑनलाइन और ऑफलाइन सपोर्ट, टाइम मैनेजमेंट व एडवांस्ड क्वश्चन मॉडल टेस्ट, प्रदान करके छात्रों को उनकी तैयारी के दौरान संक्षम बनाना हैं। जिससे कि स्टूडेंट्स को देश की सबसे कठिन आईआईटी-जेईई और नीट की परीक्षाओं की तैयारी में लाभ मिलेगा।



आगरा मोशन अकेडमी की सबसे बड़ी प्रमुखता यह है कि संस्थान में अनुभवी आईआईटीअन व डॉक्टर्स फैकल्टी मैम्बर्स है। जिनके कारण सर्वाधिक सलैक्शन टॉप रैंक निकलते हैं। संस्थान के डायरेक्टर डॉ अरून शर्मा ने सत्राओं एवं अभिभवको को संबोधित करते हुये कहा कि आगरा का फेमस कोचिंग संस्थान मोशन अकॅडमी अब डिजिटल हो गया है। मीशन अकेडमी आगरा का पहला ऐसा कोचिंग संस्थान है जो एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलाजी बेस्ड तैयारी कराता है। आगरा और आगरा के आस-पास के शहरी एवं ग्रामीण में रहने वाले होनहार और प्रतिभावान छात्रों को उचित दिशा देने के लिए और लक्ष्य प्राप्ति में उनकी महायता के लिए मोशन अकेडमी के दोनो संस्थानों पर एआई टेक्नोलॉजी बेस्ड तैयारी कराने की सुविधा उपलब्ध है। आगरा मोशन अकेडमी ने पिछले छः वर्षों में आईआईटी-जेईई व नीट जैरसरी प्रवेश परीक्षाओं में सर्वाधिक सलैक्शन व आगरा टॉपर देकर नंम्बर वन पोजिशन व अपनी सफलता की परंम्परा को कायम रखा है। जॉइन्ट डायरेक्टर विशाल शर्मा ने बताया कि ताज नगरी, आगरा में मोशन अकेडमी की दूसरों ब्रांच स्टार्ट करने का उद्देश्य राजपुर, फतेहाबाद, शमसाबाद, बाह, पिनाहट, इरादतनगर, क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग व नीट की तैयारी करा कर टॉप इंजीनियर व डॉक्टर बनाना है। समारोह में शामिल शहर के शिक्षा जगत व अन्य क्षेत्रों से जुडें गणमान्य अतिथियों ने मोशन अकेडमी की इस नई शुरूआत को सहारा और छाओं के भविष्य को नई दिशा देने के लिए मोशन अकेडमी के इस उत्कृष्ठ सोच को आगरा के शिक्षा जगत के क्षेत्र का मील का पत्थर माना ।

# जगदगुरू बने सतुआ बाबा, साधू संतों ने किया अभिषेक, सीएम ने लगाया तिलक

एनपीटी ब्यूरो ललितपुर

ललितपुर/बनारस में स्थित मणिकर्णिका घाट के निकट स्थित सतुआ बाबा आश्रम के महामण्डलेश्वर को जगदगुरू की उपाधि शनिवार को प्रयागराज में हो रहे महाकुम्भ में आयोजित कार्यक्रम में दी गई। विष्णु स्वामी सम्प्रदाय के 57वें आचार्य का शनिवार को संतों ने पट्टाभिषेक किया। संतों ने कहा कि महामंडलेश्वर संतोषदास का जगदगुरु से सम्मानित होना, विष्णु स्वामी के सिद्धांतों एवं परम्पराओं को मजबूती प्रदान करेगा। यह उपाधि इस सम्प्रदाय की धार्मिक यात्रा में आगे बढ़ाएगा।

पट्टाभिषेक अभिषेक अनुष्ठान के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे और उन्होंने भी सतुआ बाबा का तिलक लगाकर अभिषेक किया। इस मौके पर जगदगुरू स्वामी रामभद्राचार्य, मलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्रदास जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद, योग गुरू स्वामी रामदेव, आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री, परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने भी शुभकामनाएं दीं।



इस दौरान उन्होंने कहा कि सतुआ बाबा की भारतीय धर्म एवं संस्कृति और समाज के प्रति निष्ठा अद्भुद है, यह सतुआ बाबा के समर्पण एवं तप का परिणाम है। बता दें कि संतोषदास जी महाराज सतुआ बाबा ललितपुर के ग्राम मसौराकलां के मूल निवासी है।

**महज 11 साल की उम्र में ले लिया था संन्यास**

संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा ने 11 साल की उम्र में घर छोड़कर आध्यात्म में जुट गए थे। उनके गले में माला और शरीर पर पर पीला कपड़ा और जनेऊ पहचान के तौर पर दिखता है। सतुआ बाबा वाराणसी के मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआबाबा आश्रम में रहते हैं। वाराणसी की रामकथा के दौरान उन्होंने युवा संन्यासी के तौर पर आध्यात्म की दुनिया में कदम रखा। उन्हें काशी विश्वनाथ का प्रतिनिधि भी माना जाता है।

# डीएम ने की विभिन्न योजनाओं के विकास कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

एनपीटी ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार योजना, टीएचआर उत्पादन, बोर्ड परीक्षा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना सहित अन्य योजनाओं से सम्बन्धित कार्यों की समीक्षा बैठक रविवार को आयोजित की गई। जिसमें डीएम कार्यों की समीक्षा कर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद बांदा द्वारा कुल 23 राजकीय बालिका विद्यालय में लाइब्रेरी, प्रयोगशाला व पेयजल का कार्य कराया जाना है। डीएम ने समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। गौहानी कला, मंडौर, मुर्का, सिरावल, रौली कल्याणपुर, सेमरिया चरणदासी, बियावल बड़ी मडैयन, नोनार, सुरसेन, चांदी, टिकरा, गनीवा के विद्यालयों के प्राचार्यों में से कुछ प्राचार्यों ने कहा कि ईट की गुणवत्ता ठीक नहीं है, जिस पर डीएम ने कार्यदायी संस्था को सुधार के निर्देश दिए। बोर्ड की परीक्षा की तैयारी के संबंध में डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट नामित करने के निर्देश दिए। कहा कि माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की गाइडलाइन के अनुसार बोर्ड की परीक्षा को नकल विहीन सम्पन्न कराए तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

टीएचआर (टेक होम राशन) के संबंध में डीसीएनआरएलएम ने बताया कि जनपद में कर्वी और मऊ में दो टीएचआर बनाए गए हैं। डीएम ने कहा कि इनमें हर समय पुष्टाहार का वितरण किया जाए। डीसीएनआरएलएम ने बताया कि सोलर राइज का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है। डीएम ने कहा कि टीएचआर में सोलर राइज लगवाए, जिससे विद्युत बिल के भुगतान में कमी आए। डीसी एनआरएलएम व खंड विकास अधिकारी को डीएम ने निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूह कार्यरत महिलाओं में से कार्य न करने वाली कार्यकत्रियों को वेतन न दिया जाए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी योजना के अंतर्गत होने वाले कार्यों के सम्बन्ध में डीएम ने कहा कि कि जो भी कार्य हो रहा है, उसे गुणवत्तापूर्ण पूरा कराकर कराकर हैंडोवर कराए। प्रधानमंत्री आवास योजना के सर्वे के सम्बन्ध में कहा कि प्रदेश में जनपद की 48 वीं रैंक है, जो बेहद खराब है। उन्होंने सचिव व लेखपाल को सर्वे में प्रगति कराने के निर्देश दिए। कहा कि किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए। फार्मर आईडी के संबंध में कहा कि राजापुर की स्थिति ठीक नहीं है इसमें सुधार कराए। उन्होंने उप जिलाधिकारी व खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द कैंप लगाकर कार्य कराए। कहा कि ग्राम पंचायत में जो दिव्यांगजन है सचिवों से कहे की गाड़ी में बैठाकर केंद्र पर ले जाएं एवं बायोमेट्रिक कराए कोई भी दिव्यांगजन पेंशन से वंचित न रहने पाए, कहा कि एक हफ्ते के अंदर कराए एवं बैंक में कोई समस्या आती है तो अवगत कराए।

डीएम ने खेल के मैदान के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि सचिवों से वार्ता कर प्राथमिकता के आधार पर मैदानों आवश्यक कार्य कराएं कराए। गौशाला के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने टैग की गई चारागाह भूमि की जानकारी ली। कहा कि नामित अधिकारी निरीक्षण कर समय से रिपोर्ट प्रेषित करें। कार्य की प्रगति ठीक न पाए जाने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। राजस्व कार्यों के संबंध में डीएम ने कहा कि वादों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी जल्द से जल्द कराए। दैवीय आपदा के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि समय से सत्यापन कर रिपोर्ट प्रेषित करें, जिससे समय से भुगतान किया जा सके।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, राजापुर मोहम्मद जसीम, राजापुर आलोक कुमार सिंह, मऊ सौरव यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# स्कूली बच्चों को किया आर्द्र भूमियों के संरक्षण के प्रति जागरूक

एनपीटी ब्यूरो



चित्रकूट ब्यूरोः प्रभागीय वनाधिकारी व उपनिदेशक रानीपुर टाईगर रिजर्व की अध्यक्षता में विश्व आर्द्र भूमि दिवस के उपलक्ष्य में गुन्ता बांध रैपुरा रेंज के अर्न्तगत बर्ड वाचिंग कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को आर्द्र भूमि का महत्व बताते हुए इनके संरक्षण पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी व उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रत्यूष कुमार कटियार ने उपस्थित स्कूली बच्चों से कहा कि आर्द्र भूमि के महत्व एवं संरक्षण के प्रति जन जागरूकता को बढावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दो फरवरी को विश्व आर्द्र भूमि दिवस मनाया जाता है। आर्द्र भूमि को आमतौर पर दलदल और नमी वाले क्षेत्रों के रूप में परिभाषित किया जाता है। बताया कि जलमग्न भूमि, झील, तालाब आदि सभी आर्द्र भूमियों के ही रूप है। कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन में आर्द्र भूमियों की बेहद अहम भूमिका है। आर्द्र भूमियों में पौधों एवं जन्तुओं की समृद्ध जैव विविधता पायी जाती है, जिससे सैकड़ो प्रजातियों जैसे पक्षी, सरीसृप आदि जीवों को आहार एवं आवास मिलता है। क्षेत्रीय वनाधिकारी रैपुरा रेंज अपूर्व श्रीवास्तव ने कहा कि आर्द्र भूमि वातावरण से अत्यधिक कार्बन को संचित करती है तथा भूजल स्तर में वृद्धि करती है। इसके साथ ही आद्र भूमि वर्षा के पानी का संग्रहण भी करती है। जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता ने कहा कि शहरीकरण, प्रदूषण और औद्योगिकरण से आर्द्र भूमियों का क्षेत्रफल घट रहा है। अतः सभी को इनके संरक्षण पर जोर देने की आवश्यकता है। इस मौके पर स्कूली बच्चों सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

इसी क्रम में मानिकपुर प्रथम, द्वितीय तथा मारकुण्डी प्रथम, द्वितीय रेंज और बरगढ, कर्वी रेंज में आर्द्र भूमि दिवस मनाया गया।

# पोस्टमार्टम में हुआ किसान की मौत का खुलासा, जहर खाने से हुई थी मौत

एनपीटी ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरो मोहल्ला पिसनारी निवासी एक किसान का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था। वहीं परिजन सांप के काटने या दिल का दौरा पड़ने की आशंका जता रहे थे। लेकिन पोस्टमार्टम में मौत का कारण जहरीला पदार्थ खाने से हुई है। अब सवाल उठ रहा है कि किसान ने किन कारणों के चलते जहर खाकर आत्महत्या की है। वहीं चिकित्सकों का कहना था कि मृतक की जेब में एक सुसाइड नोट मिला था। वह कहां गया, यह पता नहीं चल पा रहा है। थाना जखौरा के ग्राम अंधियारी हाल मोहल्ला पिसनारी निवासी 45 वर्षीय राजेश पुत्र रामचंद्र विश्वकर्मा का शव शुक्रवार की शाम उसके गांव में स्थित खेत पर संदिग्ध अवस्था में मिला था। परिजन उसे उठाकर मेडीकल कालेज लाए थे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रख दिया था। लेकिन परिजन मौत का कारण सांप के डसने या दिल का दौरा पड़ने की आशंका जता रहे थे। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया, तो मौत का कारण जहर खाना बताया गया है। चिकित्सकों विसरा रिजर्व कर दिया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है कि किसान ने किन कारणों के चलते जहर खाया था। मृतक कार पेंटर का काम करता था।

# देश के बहुजनों को शासक वर्ग बनाने का मिशन है बीएसपी- शिवबाबू

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः बहुजन समाज पार्टी द्वारा मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत रगौली सेक्टर के भदउरा बूथ व चित्रकूट विधानसभा के रौली कल्याणपुर सेक्टर के गोंडा गावं में एक दिवसीय कैडर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया गया।

बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने कहा कि बीएसपी का संघर्ष देश के बहुजनों को शासक वर्ग बनाने का मिशन है। जिससे सर्व समाज के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े वर्ग मुस्लिम व धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के अन्य लोग अपने पैरों पर खड़ें होकर आत्म सम्मान का जीवन जी सकें। कॉग्रेस, भाजपा, सपा की हुकूमत की नीयत व नीति में खोट होने के कारण गरीब वर्गों को मिले संवैधानिक व कानूनी अधिकारों को सही तरीके से लागू नहीं किया जा सका। ऐसे में देश की तरक्की के लिए सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय का होना जरूरी है। देश में एक मात्र सच्ची अम्बेडकरवादी पार्टी बीएसपी के संगठन की मजबूत और सर्वसमाज में बीएसपी के जनाधार को कैडर के आधार पर बढ़ाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरे तन-मन-धन से अपना संघर्ष लगातार जारी रखें।



इस मौके पर बसपा के मंडल प्रभारी मान सिंह कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, जिला पंचायत सदस्य जगदीश सिंह यादव, नगर अध्यक्ष प्रिंस कुशवाहा, बसपा नेता विनय कुमार पाल, चैतू राम वर्मा, रोहित सिंह पटेल, वीरेंद्र कुमार वीरेन पासी, विधानसभा अध्यक्ष मानिकपुर अरुण कुमार पाल, जिला महासचिव बसपा दरबारी लाल, जिला उपाध्यक्ष शिवबाबू गर्ग, सर्वेश कुमार वर्मा, भोंदू लाल सविता, गया दीन वर्मा, रावेंद्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# योगाचार्य ने बताए वज्रासन और आकर्ण धनुरासन के फायदे

एनपीटी ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः वज्रासन और आकर्ण धनुरासन ऐसे आसन हैं जिन्हें भोजन के बाद भी किया जा सकता है। वज्रासन संपूर्ण पाचन तंत्र को बेहतर बनाकर कब्ज हटाता है।

कुबेरगंज कर्वी में योग सिखाते हुए योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने बताया कि प्रतिदिन वज्रासन करने से रीढ़ के अंदर सुषुम्ना नाड़ी, वज्र नाड़ी, चित्रा नाड़ी सहित अन्य सभी नाड़ियों में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे मानसिक रोग दूर रहते हैं। इस योगासन को करने से रीढ़ स्थित सभी ऊर्जा चक्रों को शक्ति मिलती है और आध्यात्मिक विकास होता है। योगाचार्य ने बताया कि पेट की बीमारियों जैसे गैस, एसिडिटी, ब्लोटिंग, पेप्टिक अल्सर से राहत मिलती है। हार्निया, बवासीर, अंडकोषों की सूजन में आराम मिलता है। मासिक धर्म संबंधित विकारों में सुधार आता है। साइटिका में आराम मिलता है। रीढ़ सीधी रखने में सहायता मिलती है। रक्त संचार बेहतर रहता है। घुटनों जोड़ों की जकड़न दूर रखता है। जहां वज्रासन ढेर सारे शारीरिक लाभ पहुंचाता है, वहीं यह ध्यानात्मक आसन होने के कारण मन की चंचलता शांत करके एकाग्रता बढ़ाता है। इसे करने के लिए घुटनों से पैरों को मोड़कर एड़ियों को विपरीत फैलाकर उनके ऊपर रीढ़, गर्दन सीधी रखकर बैठते हैं। पिंडलियों के ऊपर जंघाओं का दबाव और उन पर हथेलियां को रखकर श्वसन सामान्य रखते हुए आंखें धीरे से बंद कर बैठते हैं। बताया कि घुटनों, टखनों में दर्द की दशा में इसे नहीं करना चाहिए। साथ ही गर्भवती महिलाएं घुटने खोलकर वज्रासन कर सकती हैं।

## आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

चित्रकूटः कर्वी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत कोलगदहिया गांव के निवासी जितेन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा है कि उसका छोटा भाई विजय कुमार बीती 22 दिसम्बर को शाम साढ़े चार बजे अपने दोस्त बहादुर पुर निवासी राजेन्द्र से मिलने बेड़ीपुलिया-कर्वी मार्ग में रानीपुर भट्ट गांव के पास जा रहा था। इस दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक चालक डिलौरा निवासी राहुल ने उसके भाई विजय और दोस्त राजेन्द्र को जोर से टक्कर मार दिया। जिससे उसके भाई का पैर टूट गया और उसका दोस्त राजेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

## भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने मनाई महापुरूषों की जयंती

चित्रकूट ब्यूरोः भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में रविवार को महाराजा छीता पासी, महाराजा सुहेलदेव पासी और बाबू जगदेव प्रसाद की जयंती मनाई गई। इस दौरान कार्यकताओं ने इन महापुरूषों के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने बताया कि छितियापुर (वर्तमान सीतापुर जिला) के निमार्ता महाराजा छीता पासी एवं बहराइच-श्रावस्ती रियासत के चक्रवर्ती सम्राट महाराजा सुहेलदेव पासी का पराक्रम, स्वाभिमान व राष्ट्र रक्षा का योगदान सभी कार्यकताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा तथा बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा ने शोषितों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान पार्टी में शामिल हुए भीम आर्मी सदस्यों को नई जिम्मेदारी दी गई। जिसमें राकेश पठारी को जिला उपाध्यक्ष व रामनाथ वर्मा को कर्वी नगर संयोजक बनाया गया। इस मौके पर भीम आर्मी के जिला महासचिव एड श्रीपाल प्रजापति, जिला प्रभारी जागेश्वर यादव, जिला प्रचारक लकेश शाही, सदर विधानसभा अध्यक्ष बाबूलाल यादव, राजाभाईया वर्मा, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, रमाशंकर प्रजापति, लक्ष्मण पटेल, विमल वर्मा, छोटेलाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ पूर्व विधायक आनंद शुक्ला के आवास में हुई श्रीमद्भागवत पोथी प्रतिष्ठापना

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय में श्रीमद्भागवत पोथी प्रतिष्ठापना कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ। जिसके यजमान सोमा शुक्ला, पूर्व विधायक आंनद शुक्ला व मनीष शुक्ला दम्पति रहे। इस दौरान निकाली गई शोभा यात्रा में 251 महिलाओं ने कलश धारण किया। जिसमें वृंदावन धाम के भागवत व्यास डॉ. बृजेश कुमार पयासी रथ पर विराजमान भगवान के अर्चा विग्रह के भक्तो के साथ कथा स्थल पहुंचे।

प्रथम दिन की कथा में श्रीमद्भागवत पूजन के साथ कथा व्यास डॉ. बृजेश कुमार पयासी ने श्रोताओं को समझाते हुए कहा कि वेदरूपी कल्प तरु का परिपक्व फल सुक मुख से अमृत रस का मुक्ति पर्यन्त भाऊक रसिक पान करे। उन्होंने इसे वेद रूपी कल्प तरु का श्रीमद्भागवत फल बताया, जो सुक मुख से अमृत रस से युक्त है। उन्होंने कहा कि पके हुए आम्र फल में यदि सुक चोच लगा दे तो उसका माधुर्य अलौकिक हो जाता है। कथा व्यास आचार्य बृजेश ने कहा कि सुकदेव महराज के मुख से निकला हुआ रस इसकी मिठास का वर्णन क्या हो सकता है। इसी लिए, कहते है कि पीबत भागवतं रसम्, किन्तु इसका पान कैसे होगा, फल में बीज और छिलका भी होता है। वही गुठली और छिलका रहित रस ही रस है। इस रस का मधुम मधुमई रस धारा से षडदर्शनादि समस्त अध्यात्मिक वाड्मय रस मय बन गया। कथा व्यास ने अपनी अमृत वाणी से सरस एवं मधुर भाषा में अमृत पान समस्त भक्तों को करवाया। उन्होंने श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस कथा प्रसंगो की सटीक एवं भाव पूर्ण व्याख्या की।



इस मौके पर ब्लाक प्रमुख मऊ सुशीला वर्मा, दिव्या त्रिपाठी, राधा, विनीता द्विवेदी, लक्ष्मी शुक्ला, मनोरमा जैन, नगर पंचायत राजापुर अध्यक्ष संजीव मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश, आदर्श मिश्र, विकास मिश्र, अमित मिश्रा आदि भक्तो ने कथा का रसपान किया।

### लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन भेज कर की न्याय दिलवाने की मांग

# मनीष मीणा हत्याकांड को लेकर गोपाल निवास के ग्रामीण क्रमिक अनशन पर बैठे

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी 2 फरवरी।मनीष मीणा हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर रविवार को गोपाल निवास के ग्रामीणों ने मीणा समाज के संरक्षक पूर्व प्रधान जयकिशन मीणा के नेतृत्व में क्रमिक अनशन पर बैठे। वही धरना रविवार को 26 वे दिन भी जारी रहा।

**लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन भेजकर की मांग**

अखिल भारतीय श्री मीणा विकास समिति के द्वारा रविवार को लोकसभा अध्यक्ष व कोटा बूंदी क्षेत्र के सांसद ओम बिरला को ज्ञापन भेज कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की मांग रखी। मीणा समाज के संरक्षक आंनदीलाल मीणा व जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा की ओर से भेजे गये ज्ञापन में कहा गया है कि लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला को पीड़ित परिवार की मदद के लिये आगे आना चाहिये। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि मनीष मीणा पीड़ित परिवार की आजीविका का इकलौता सहारा था और परिवार को राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता दिलवायी जानी



चाहिये।साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मीणा समाज की ओर से ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया गया की बूंदी जिला कलेक्ट्रेट मीणा समाज की ओर से सर्व समाज के सहयोग से पिछले 26 दिन से धरना दिया जा रहा है लेकिन अभी तक राज्य सरकार व प्रशासन की ओर से कोई भी जिम्मेदार अधिकारी धरने पर आकर नहीं मिला है और न ही सरकार की ओर से कोई कार्यवाही की जा रही है। मेरा समाज की ओर भेज गया पान में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कहा गया है कि विवश होकर मीणा समाज को सर्व समाज के सहयोग के साथ 6 फरवरी से आमना अनशन पर बैठना पड़ रहा है। जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार व जिला प्रशासन की होगी। मीणा समाज ने लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला से पीड़ित मनीष मीणा के परिवार की मदद करने का आग्रह किया है।

**ये क्रमिक अनशन पर रहे**

रविवार को मीणा समाज के संरक्षक पूर्व प्रधान जयकिशन मीणा हंसराज मीणा, गोलू मीणा, घासीलाल मीणा, रामराज मीणा, रामविलास मीणा, नंदराज मीणा,एडवोकेट देवराज मीणा, राजीव मीना,नीरज मीना, सोहनलाल मीणा,बनवारी लाल क्रमिक अनशन पर रहे।

**धरने पर ये सम्मिलित हुये**

वहीं रविवार को जिला कलेक्ट्रेट धरने पर मीणा समाज संरक्षक आनंदीलाल मीणा राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा, पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा, एडवोकेट हेमराज मीणा, सरपंच सुरेश मीणा,उपसरपंच मदनलाल गुर्जर,पूर्व सरपंच चेतराम मीणा,ग्रामीण छात्र संगठन जिलाध्यक्ष लोकेश मीणा, पन्नालाल मीणा करजूना,एडवोकेट राकेश वर्मा, कन्हैयालाल मीणा,विनोद मीणा, दिनेश मीणा ,सोजीलाल मीणा,लेखराज मीणा, ब्रजसुंदर मीणा, गोपाललाल मीणा ,गिरधारी मीणा, गिर्राज मीणा, हनुमान मीणा, हीरालाल,पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश मीणा ,जमीतपुरा सरपंच बाबुद्दिन,यूथ शाह समाज प्रदेशाध्यक्ष सरफुद्दीन शाह,गफ्फार भाई,इंसाफ अली,शंकरलाल मीणा, रामप्रसाद मीणा, राजस्थान यूथ आइकन युधिष्ठिर मीणा, लोकेश मीणा बहादुरपुर, हुकुमचंद कुमारिया धन्नालाल, सोहनलाल, वार्ड पार्षद के पाटन उमेश मीणा, खुशीराम मीणा गिर्राज मीणा भीमगंज, दौलत मीणा,भंवरलाल मीणा आदि सम्मिलित हुये।

# राजस्थान पेंशनर मंच द्वारा पोस्टर विमोचन किया



**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी ! राजस्थान पेंशनर मंच बूंदी के द्वारा आयोजित 23 फरवरी रविवार को होने वालेमहाअधिवेशन के पोस्टर का विमोचन महा अधिवेशन संयोजक पुरुषोत्तम पारीक ने श्री नाग पास गणेश जी की पूजा अर्चना कर किया। महाअधिवेशन के प्रचार संयोजक महेश्रृंगी ने बताया की 2 फरवरी रविवार को प्रातः शुभ मुहूर्त में बालचंद पाड़ा स्थित श्री नाग पास गणेश जी की विधि विधान एवं वैदिक मंत्रोचार से पंडित दीनदयाल शास्त्री द्वारा महाअधिवेशन संयोजक पुरुषोत्तम पारीक से पूजा अर्चना करवाईव पोस्टर का विमोचन किया गया इस मौके महा अधिवेशन संयोजक पुरुषोत्तम पारीक ने 23 फरवरी रविवार को होने वाले पेंशनर्स महा अधिवेशन की रूपरेखा बताइ जिसमें प्रातः 10:00 बजे से 11:00 तक पंजीयन एवं अल्पाहार होगा, 11:30 बजे से 12:30 बजे तक संगठनात्मक परिचर्चा की जावेगी, दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक उद्घाटन एवं सम्मान समारोह किया जावेगा 75 वर्ष से ऊपर के पेंशनरों का सम्मान किया जावेगा, शाम 5:00 बजे से स्नेह भोज प्रारंभ किया जाएगा इस अवसर पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें राजस्थान पेंशनर्स मंच जिला अध्यक्ष घनश्याम दुबे ने राजस्थान पेंशनर मंच बूंदी द्वारा पेंशनरों के हित में किए गए कार्यों का विस्तार से वर्णन किया तथा भविष्य में पेंशनर मंच द्वारा किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा बताइ, प्रदेश महामंत्री महावीर शर्मा ने प्रदेश नेतृत्व द्वारा राज्य सरकार को भेजे गए मांग पत्र का विस्तार से वर्णन किया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश तलवास ने बूंदी की संगठनात्मक गतिविधियों पर प्रकाश डाला, सभा अध्यक्ष रामनिवास मीणा ने पेंशनरों को आवाहन किया कि वह जागरूक रहकर अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अनुभव के आधार पर समाज की सेवा करें जिला महामंत्री शंभू दयाल मेहरा, कार्यालय मंत्री ब्रज सुंदर शर्मा, बूंदी शहर अध्यक्ष अनिल गुप्ता, नैनवा उपशाखा अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी, प्रचार मंत्री नंद प्रकाश शर्मा नंद जी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन, महावीर सोनी, मनोज जोशी, राधावल्लभ सोनी, मेहंदी हुसैन बोहरा, गोपाल लाल मेघवाल, प्रभु दत्त राजोरा, जयप्रकाश शर्मा, रामेश्वर दुबे,राम प्रसाद बेरवा सहित अन्य वक्ताओं ने 23 फरवरी रविवार को देवपुरा स्थित श्री महावीर गार्डन में होने वाले पेंशनर्स महा अधिवेशन की तैयारी को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए , महा अधिवेशन को सफल बनाने के लिए तन मन धन से जुट जाने का संकल्प लिया ,गोष्ठी के पश्चात महाअधिवेशन केपोस्टर का विमोचन संयोजक व मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक एवं जिला अध्यक्ष घनश्याम दुबे ने किया ,महाअधिवेशन संयोजक पुरुषोत्तम पारीक ने जिले के सभी पेंशनरों से अपील की है की 23 फरवरी रविवार को होने वाले महा अधिवेशन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारे तथा सभी एकजुट होकर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव देते हुए सामूहिक रूप से प्रयास करें

# सूर्य सप्तमी पर सूर्य नमस्कार 3 फरवरी को



**ब्यरो -एनपीटी**

बून्दी, 2 फरवरी। सूर्य सप्तमी 3 फरवरी को *सुबह 9 बजे* राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जा रहा है जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक ने बताया कि सूर्य नमस्कार का मानव जीवन में प्रकाश का बहुत महत्व है। पृथ्वी पर प्रकाश व ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत सूर्य है। सूर्य की किरणें न केवल जीवन के लिए उत्तरदायी है बल्कि जीवन को ऊर्जामय बनाने के साथ अनेक स्वास्थ्यवर्धक लाभ भी पहुंचाती है।

उन्होने बताया कि जैसे विटामिन डी का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत सूर्य की किरणें होती है। वर्तमान में वैकल्पिक ऊर्जा का एक भार सौर ऊर्जा के रूप में प्राप्त होता है।

## लोक देवता देवनारायण के 1113 वें जन्मोत्सव पर ककराना में शोभायात्रा, भंडारा व जागरण कल

संवाददाता चंवरा। क्षेत्र के ककराना में लोक देवता देवनारायण भगवान का 1113 जन्मोत्सव 4 फरवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। शेरसिंह खटाणा ने बताया कि मंगलवार को प्रातः सवा 9 बजे बड़ वाले हीरामन मंदिर से कलशयात्रा शुरू होकर प्राचीन देवनारायण मंदिर पहुंचेगी। देवनारायण के जन्मोत्सव पर विशाल भंडारे एवं जागरण का आयोजन भी किया जाएगा। दिन में सवा 10 बजे से मुसनोता एंड पार्टी द्वारा शाम तक भजनों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएगी। देवनारायण भगवान को प्रसाद का भोग लगाने के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## केंद्रीय मंत्री शेखावत बोले- राष्ट्रपति पद पर आदिवासी महिला को देख कांग्रेस परेशान, सोनिया माफी मांगे

बीकानेर। केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत निजी दौरे पर बीकानेर में रहे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर दिए गए बयान पर कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। सोने के चम्मच लेकर पैदा हुए लोगों को देश की राष्ट्रपति की कुर्सी पर कोई आदिवासी महिला बैठ जाए तो भी उन्हें राष्ट्रपति नहीं, बल्कि सिर्फ एक गरीब आदिवासी ही दिखाई देती है। यह राष्ट्रपति पद की गरिमा का अपमान है। उनके बयान से देश के दस करोड़ आदिवासियों की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्हें राष्ट्रपति पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। सोनिया गांधी और कांग्रेस को इस बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए।

केंद्रीय बजट पर कांग्रेस के बयानों पर पलटवार करते हुए शेखावत ने कहा कि बजट पूरे देश के विकास पर केंद्रित है, न कि किसी एक राज्य पर। उन्होंने बिहार के बजट को लेकर हो रही बयानबाजी पर कहा कि केवल बिहार ही मखाने का उत्पादक नहीं है और कांग्रेस बिहार में हार के डर से इस तरह के बयान दे रही है।

# एक गांव में 90 से अधिक लोग अचानक बीमार, किसी का जमीन तो किसी का चारपाई पर किया जा रहा इलाज

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

भरतपुर । भरतपुर के नदबई थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में एक शादी का कार्यक्रम था। इसमें मेहमानों को लड्डू और पूड़ी-सब्जी परोसी गई थी। इस भोजन के बाद 90 लोग बीमार हो गए, जिनका इलाज चल रहा है।



भरतपुर जिले में रविवार को एक गांव में 90 लोगों के अचानक बीमार होने से हड़कंप मच गया। इतनी बड़ी संख्या में एक साथ लोगों के बीमार होने पर डॉक्टरों की टीम गांव पहुंची। इसके बाद किसी को चारपाई पर तो किसी को जमीन पर लिटाकर, जहां जगह मिली, वहीं ड्रिप और दवाइयां देकर डॉक्टरों ने इलाज शुरू कर दिया। जानकारी के मुताबिक, करीब 45 लोगों को नदबई राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सभी बीमार लोगों का इलाज जारी है। 30 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

दरअसल, भरतपुर के नदबई थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में शनिवार को सुरेश प्रजापत के बेटे की शादी का दावत कार्यक्रम था। इसमें मेहमानों को लड्डू और पूड़ी-सब्जी परोसी गई थी। इस भोजन के बाद 90 लोग बीमार हो गए, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, देर शाम से ही लोगों को उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हो गई।

अचानक बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की खबर मिलते ही नदबई से मेडिकल टीम गांव पहुंची। कुछ लोगों को गांव में ही चारपाई और जमीन पर लिटाकर डॉक्टरों ने इलाज किया। डॉक्टरों के अनुसार, सभी लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए हैं। हमारे पास गाजीपुर से 15 से 20 मरीज आए हैं। इन लोगों के बीमार होने का कारण मावे से बनी चीजें, जैसे- पनीर आदि खाने की वजह से हुआ है।

# किसानों को मिलेगी विशिष्ट फार्मर आईडी

## 5 फरवरी से शुरू होंगे शिविर, जिला कलक्टर ने की शिविर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**ब्यरो -एनपीटी**

बूंदी, 2 फरवरी। राजस्थान में सरकार किसानों के लिए कई योजनाएं लेकर आ रही है, जिससे लेकर किसानों को बेहतर जीवन मिले। इस कड़ी में एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत बूंदी जिले में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर 5 फरवरी से शिविर आरम्भ होंगे। एग्रीस्टैक योजना अंतर्गत जिला बूंदी में फार्मर रजिस्ट्री अभियान का आयोजन ग्राम स्तर पर 5 फरवरी से 31 मार्च 2025 तक किया जाएगा। इसके तहत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई जाएगी।जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने कहा कि एग्रीस्टैक योजना मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का एक विजनरी कदम है। यह किसान केन्द्रित समाधान उपलब्ध करवाने की दिशा में एक महत्वाकांक्षी पहल साबित होगी। अभियान के तहत 5 फरवरी से जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कृषक पंजीयन का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में उक्त आईडी हेतु पंजीकरण के लिए किसानों को आधार कार्ड, जमाबंदी, आधार कार्ड से जुडा हुआ मोबाईल नम्बर साथ लेकर आना होगा। उक्त दस्तावेजों के आधार पर कृषक की पहचान सुनिश्चित कर आवश्यक दस्तावेजीकरण एवं कृषक के पुष्टीकरण के बाद किसानों को यूनिक



आईडी जनरेट कर एसएमएस के माध्यम से रजिस्टर्ड मोबाईल पर निर्धारित समयावधि में उपलब्ध करा दी जाएगी। जिससे किसानों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सुगमता एवं पारदर्शिता आएगी। सभी अधिकारी इसके लिए किसानों को आईडी बनवाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही शिविरों के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी किसान आईडी बनवाने से वंचित नहीं रहे। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार करवाया जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि शिविर स्थलों पर आधारभूत सुविधाएं, इंटरनेट की कनेक्टविटी, छाया व पेयजल, हेल्प डेस्क, ई मित्र, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस जाब्ता, आदि की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। सभी संबंधित तहसीलदार शिविर आयोजन से पूर्व संबंधित पंचायतों में माईकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करवाएं। साथ ही कृषकों से सीधे संपर्क रखने वाले राजकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के माध्यम से किसानों प्रेरित कर शिविर तक लाएं। शिविरों में ऊर्जा, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौजूद रहकर उनकी विभागीय योजनाओं से किसानों को अधिकाधिक लाभान्वित करें।

जिला कलक्टर ने बताया कि इस अभियान को जिले में सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, कृषि विभाग के अधिकारियों, विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी आदि को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी से 9 फरवरी तक प्रति तहसील एक-एक ग्राम पंचायत में तीन दिन शिविर लगाए जाएंगे। वहीं 10 फरवरी से 16 फरवरी 2025 तक प्रति तहसील में 2-2 ग्राम पंचायत (चार ग्राम पंचायत प्रति तहसील प्रति सप्ताह) एवं 17 फरवरी से 31 मार्च तक 5-5 ग्राम पंचायते प्रति तहसील (10 ग्राम पंचायत प्रति तहसील प्रति सप्ताह) कैम्प लगाये जाएंगे।

**11 अंकों की प्रदान की जायेगी आईडी**

अभियान के अंतर्गत प्रत्येक किसान को विशिष्ट फार्मर आईडी 11 अंकों की प्रदान की जाएगी। किसानों द्वारा आईडी बनवाने के लिये आधार कार्ड, जमाबंदी, मोबाईल नम्बर की जरूरत होगी। भविष्य में किसानों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक आसान पहुंच करने, प्रधानमंत्री किसान-मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, कृषि विभाग की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से प्राप्त आईडी उपयोगी होगी।

*5 फरवरी को यहां आयोजित होंगे शिविर*

कृषकों को विशिष्ट फार्मर आईडी जारी करने के लिए 5 फरवरी से शिविरों का आयोजन होगा। इसके तहत 5 से 7 फरवरी तक तहसील रायथल की ग्राम पंचायत खटकड, बूंदी में सिलोर, तालेडा में बरूंधन, हिण्डोली में सथूर, केशवरायपाटन में चितावा, इन्द्रगढ में मोहनपुरा तथा नैनवां में बांसी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाए जाएंगे। शिविर सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित होंगे।

बैठक में उपखंड अधिकारी बूंदी एचडी सिंह, हिण्डोली एसडीएम शिवराज मीणा, लाखेरी एसडीएम भावना सिंह, केपाटन एसडीएम दीपक खटाना, तालेडा एसडीएम लक्ष्मीकांत मीणा सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, कृषि, चिकित्सा, सहकारिता एवं जिला परिषद के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रेमिका से बात करने पर की थी छात्र की हत्या

## पुलिस ने छात्र कमल हत्याकांड के दो आरोपितों को किया गिरफ्तार, तीसरे की तलाश में दबिश

■ पुलिस ने मृतक की साइकिल व मोबाइल फोन भी किया बरामद, मुकदमा



**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** आदर्श मंडी पुलिस ने छात्र की हत्या के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के कब्जे से मृतक छात्र की साइकिल व मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पुलिस हत्याकांड के तीसरे आरोपितों की गिरफ्तारी को भी दबिश दे रही है। छात्र की हत्या एक आरोपित की प्रेमिका से बात करने पर की गयी थी। शहर के माजरा रोड स्थित मौहल्ला नई बस्ती निवासी धर्मेन्द्र रोहिला का 15 वर्षीय पुत्र कमल गुरुवार की शाम लापता हो गया था। परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी थी लेकिन छात्र का कोई सुराग नहीं लग पाया था जिससे उत्तेजित छात्र के परिजनों ने भैंसवाल रोड पर हंगामा कर जाम लगा दिया था। आदर्श मंडी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों को छात्र की जल्द बरामदगी का आश्वासन दिया था। एसपी ने छात्र की बरामदगी के लिए तीन टीमों का भी गठन किया था। पुलिस ने लापता छात्र कमल का शव गंदेवडा संगम के निकट से जली हुई हालत में बरामद किया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों मंजीत पुत्र मदन निवासी गांव मुंडट कलां थाना आदर्श मंडी व हर्ष पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौहल्ला चौधरी चरणसिंह कालोनी को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीसरे आरोपित तुषार पुत्र सतीश निवासी मौहल्ला दयानंदनगर की धरपकड के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी आदर्श मंडी सचिन शर्मा ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपितों ने कमल की हत्या का अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मंजीत का एक लडकी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह लडकी कमल से भी बात करने लगी थी। कमल व मंजीत ने प्रेमिका को लेकर एक दूसरे को रास्ते से हट जाने की धमकी भी दी थी लेकिन कमल नहीं माना तथा हर्ष के साथ मारपीट कर दी। 30 जनवरी का मंजीत की बहन के जन्मदिन पर हर्ष भी मंजीत के घर गया था, इसी दौरान हर्ष ने कमल को मंजीत की प्रेमिका के साथ घर से बाहर निकलते हुए देखा तो उसने कमल को एक खाली प्लाट पर रोक लिया तथा मंजीत व तुषार को भी वहां बुला लिया। फिर ये तीनों कमल को बातचीत के बहाने अपने साथ मुंडेट से करनाल जाने वाले बाईपास के रास्ते पर ले गए और उसके साथ मारपीट करते हुए उसका सिर दीवार पर दे मारा जिससे कमल की मौत हो गयी। इसके बाद उन्होंने कमल के शव, साइकिल तथा मोबाइल फोन को पुलिया के निकट छिपा दिया, शक न होने इसलिए आरोपितों ने वापस आकर मृतक कमल के परिजनों के साथ मिलकर उसकी तलाश करने लगे। इसके बाद रात करीब 2 बजे मृतक के शव को स्कूटी पर रखकर गंदेवडा संगम की तरफ ले गए जहां उसे पेट्रोल डालकर जला दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों की निशानदेही पर मृतक कमल की साइकिल व मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया गया है। तुषार की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# आर्य समाज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का त्यौहार

## यज्ञ में दी गयी आहूति, बसंत पंचमी पर वक्ताओं ने रखे विचार



**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** बसंत पंचमी के मौके पर रविवार को आर्य समाज मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किय गया। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें आर्यजनों ने आहूति प्रदान कर बसंत पंचमी का पर्व मनाया। जानकारी के अनुसार रविवार को आर्य समाज मंदिर में बसंत पंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन किया गया जिसके यजमान सचिन धीमान आर्य, कुलदीप, मयंक, शिवम, निश्चय रहे। यज्ञ के ब्रहमा आर्य समाज के पुरोहित आदित्य आचार्य रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मंत्री नितिन वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार बसंत ऋतु के आने से चारों और हरियाली व खुशबू फैल जाती है, उसी प्रकार हम भी अपने वचन व आचरण से प्रकृति व जीवों के प्रति सहयोग, सेवा व सद्भाव का भाव रखे। प्रधान राजपाल सिंह आर्य ने कहा कि बसंत ऋतु के आगमन पर प्रकृति में नई ऊर्जा का संचार होता है उसी प्रकार हमारे बच्चे, युवा, स्त्री एवं पुरुष यज्ञ के माध्यम से दिन का प्रारंभ कर तन, मन में नई ऊर्जा का संचार करें। इस अवसर पर आर्यजनों ने यज्ञ में आहूति देकर बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर पूरनचंद आर्य, देवेन्द्र देव, गिरधारीलाल, सुंदर आर्य, सत्यपाल, प्रदीप विश्वकर्मा, राजेश, जितेन्द्र, कौशल्या आर्य, मिथलेश आर्य, शारदा आर्य मौजूद रहे।



## गन्ने का ओवरलोड ट्रक पलटा, हताहत नहीं

**एनपीटी संवाददाता कैराना।** गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुई। रविवार को कैराना नगर की ओर से गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक पानीपत रोड से गुजर रहा था। पानीपत बाईपास तिराहे पर ट्रक सड़क पर पलट गया। इस दौरान चालक व परिचालक ने कूदकर जान बचाई। गनीमत यह भी रही कि कोई राहगीर ट्रक की चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं, ट्रक पलटने के कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# कुंभ मेले में हुई भगदड़ को लेकर दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए–चंद्रशेखर आजाद

■ पूर्व मंत्री अमीर आलम खां, पूर्व विधायक नवाजिश आलम ने 400 लोगों के साथ थामा आसपा का दामन





**एनपीटी संवाददाता**
**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र में पूर्व सांसद और पूर्व विधायक ने हजारों कार्यकताओं के साथ आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने स्वयं उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई और भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कुंभ मेले में हुई भगदड़ को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि इस त्रासदी के दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने श्रद्धालुओं की मौत के वास्तविक आंकड़ों को छुपाने का प्रयास किया है। उन्होंने भाजपा सरकार के मंत्रियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि ये लोग सिर्फ कुर्सी के लिए काम करते हैं और जनता ऐसे नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी। प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कुंभ मेले के दौरान हुई भगदड़ में कुछ लोग मरने वालों को मोक्ष प्राप्त होने की बात कह रहे हैं, लेकिन असली मोक्ष तो इस सरकार को मिलना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भगदड़ के बाद अब भी 1500 लोग लापता हैं, लेकिन सरकार आंकड़ों को छिपाने के लिए हरियाणा के लोगों को हरियाणा और पश्चिम के लोगों को पश्चिम भेज रही है। उन्होंने सरकार से मांग की मृतकों के परिजनों को कम से कम एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि इस गंभीर घटना के बावजूद वह अपनी कुर्सी बचाने में व्यस्त हैं।

## संक्षेप समाचार :

### छात्र पर चाकू से हमला के मामले में आरोपी पर मुकदमा

शामली। बाबरी क्षेत्र के गांव करौदा हाथी निवासी मनजीत ने बाबरी थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने गांव की टंकी के निकट दोस्त सारंग पुत्र रमेश के साथ बैठा हुआ था, इसी दौरान गांव का ही गुड्डू वहां आया तथा उसके साथ गाली गलौच शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने उस पर चाकू से हमला कर दिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने किसी तरह अपनी जान बचाई। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर आरोपित गुड्डू उर्फ अभि पुत्र विकास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बालक के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

कैराना। मोहल्ला आलदरम्यान निवासी शहजाद ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे उसका 12 वर्षीय पुत्र अब्दुल समद बाजार मेढ़की दरवाजा पर परचून की दुकान से घरेलू सामान खरीद कर लाया था। घर आकर पता चला कि चावल खराब दे दिए गए हैं। इसके बाद उसने अपने बेटे को चावल वापस करने के लिए भेज दिया। जहां दुकानदार को चावल वापस देने को कहा गया। आरोप है कि दुकानदार उस्मान व उसके भाई शाहरुख तथा दो अज्ञात युवकों ने गाली—गलौज करते हुए उसके बेटे के साथ मारपीट की।

### सुबह छाया घना कोहरा, दोपहर में निकली धूप

शामली। पिछले तीन-चार दिनों से सुबह के समय पड रहे कोहरे के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है, हालांकि कोहरे के जल्दी छंट जाने व धूप निकलने से लोगों को ठंड से काफी हद तक राहत मिली हुई है। जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से मौसम पूरी तरह साफ था और तेज धूप निकलने से लोगों को जनवरी महीने में भी गर्माहट का अहसास लेने लगा था। कोहरा भी नहीं दिख रहा था लेकिन तीन-चार दिनों से सुबह व रात के समय एक बार फिर कोहरा छा रहा है। रविवार की सुबह भी पूरे शहर में घना कोहरा छाए रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा।

# महाकुंभ में स्नान कर वापस घर लौटे 160 श्रद्धालु



**एनपीटी संवाददाता कैराना।** महाकुंभ में स्नान कर 160 श्रद्धालु सकुशल अपने घर लौट आए हैं। कैराना से तीन बसों में 160 श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में 28 जनवरी को रवाना हुए थे। श्रद्धालुओं के साथ महाकुंभ में गए अधिवक्ता शगुन मित्तल ने बताया कि सबसे पहले वे 29 जनवरी की रात अयोध्या पहुंचे। जहां उन्होंने राम मंदिर में भगवान के दर्शन की। इसके बाद 30 जनवरी की रात वे बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर में पहुंचे और दर्शन के उपरांत 31 जनवरी की रात में वह महाकुंभ में पहुंचे। जहां संगम घाट पर स्नान किया। उन्होंने बताया कि जिस क्षेत्र में भगदड़ हुई थी, वहां बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। इस दौरान अभिषेक, डॉ. रामकुमार गुप्ता, आशु, अतुल गर्ग, रमन मित्तल आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम व उल्लास से मनाया गया बसंत पंचमी का त्यौहार

## घरों में मां सरस्वती की पूजा अर्चना, मुरारीवाला कुआं पर रखा गया बसंत



शामली। बसंत पंचमी का:त्यौहार रविवार को धूमधाम एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों में भी विशेष तैयारियां की गयी। महिलाओं, बच्चों व युवाओं ने पीले वस्त्र धारण कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर मुरारीवाला कुआं पर बसंत की स्थापना की गयी जिसमें बडी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जानकारी के अनुसार बसंत पंचमी का त्यौहार रविवार को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों में भी विशेष तैयारियां की गयी थी। सुबह के समय महिलाओं, बच्चों व युवाओं ने पीले वस्त्र धारण कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर सुख शांति की प्रार्थना की। इस मौके पर पीले चावलों की खिचडी भी बनायी गयी। दूसरी ओर शहर के मुरारी वाला कुआं पर भी बसंत की स्थापना की गयी। श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए बसंत रखा। इस अवसर पर समाजसेवी मनोज मित्तल, रोबिन गर्ग, रवि संगल सहित अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे। मनोज मित्तल ने कहा कि बसंत पंचमी होली की तैयारी की शुरूआत का भी प्रतीक है, जो चालीस दिन बाद होती है। बसंत पंचमी का त्यौहार पूरे देश में उल्लास के साथ मनाया जाता है। वहीं शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर मां सरस्वती प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूजा अर्चना पं. अरूण गौड ने संपन्न करायी। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी, राजकुमार मित्तल, मुकेश मैनेजर आदि भी मौजूद रहे।

# प्रवासी पक्षियों के दीदार कर छात्रों के खिले चेहरे

■ मामौर झील पर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन
■ पक्षियों के बारे में छात्रों को किया गया जागरूक



कैराना। वन विभाग द्वारा मामौर झील पर विश्व आद्रभूमि दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बर्ड फेस्टिवल में स्कूल एवं मदरसे के बच्चों को दूरबीन के माध्यम से प्रवासी पक्षियों के दर्शन कराए गए। साथ ही, उन्हें प्रवासी पक्षियों की जानकारी दी गई। रविवार को मामौर झील पर आयोजित कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी जयदेव सिंह ने आद्रभूमि दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पक्षियों के संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर मामौर झील के संरक्षण को लेकर प्रक्रिया चल रही है। पर्यावरणविद मुस्तकीम मल्लाह ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण जीवन की अहम कड़ी है। पर्यावरण संतुलित रहेगा, तो हमें शुद्ध हवा मिलेगी। हमें पेड़—पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। कार्यक्रम में छात्र अहसान व छात्रा रुकैया मुस्तकीम द्वारा आद्रभूमि एवं पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों, ग्रामीणों द्वारा दूरबीन से प्रवासी पक्षियों डबलिंग डक, किंग फिशर, टटीरी, जलमुर्गी, स्वेमफेन, बगुला, गोगई, ब्लैक आइबिस आदि के दर्शन कराए गए। इस अवसर पर क्षेत्रीय वनाधिकारी राजेश कुमार, क्षेत्रीय वनाधिकारी ऊन रेंज कृष्णकांत चक्रवर्ती, वन दरोगा वंश मलिक, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# मां सरस्वती जयंती व हकीकत राय का बलिदान दिवस मनाया

## शिक्षण संस्थाओं में हवन यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन, बसंत पंचमी पर डाला प्रकाश, सेंट आरसी स्कूल में बसंत पंचमी पर पतंग उत्सव का आयोजन





**एनपीटी संवाददाता**
**शामली।** शहर के शिक्षण संस्थाओं में बसंत पंचमी का त्यौहार उल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ व पतंग उत्सव कार्यक्रमों के आयोजन भी किए गए वहीं वीर हकीकत राय का बलिदान दिवस भी मनाया गया।

शहर के सरस्वती विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल में मां सरस्वती जयंती व हकीकत राय के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ हवन का भी आयोजन हुआ। स्कूल अध्यक्ष चंचल गोयल, प्रबंधक विवेक संगल सपत्नीक यजमान रहे। शिक्षक सोमदत्त शर्मा ने हवन यज्ञ संपन्न कराया। प्रवेश शर्मा ने मां सरस्वती की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन सभी को मां शारदे की पूजा अर्चना करनी चाहिए। शिवकुमार धीमान ने हकीकत राय के बलिदान दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बहुत छोटी आयु में उन्होंने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य संजय सैनी, रविन्द्र कुमार, आशीष जैन, सुधीर, करूणकांत शर्मा, रवि, सविता गुप्ता, राशि बंसल, स्वाति जैन, मीनाक्षी शर्मा, इना गर्ग आदि भी मौजूद रहे। वहीं सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में बसंत पंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद ने बताया कि बसंत पंचमी का त्यौहार पूरे देश में उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन पीले वस्त्र धारण किए जाते हैं। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी के नाम से भी जाना जाता है। स्कूल प्रबंधक सुमित कुमार ने बताया कि आज का दिन हम वीर हकीकत राय के बलिदान दिवस के रूप में भी मनाते है। वीर बालक हकीकत ने अपने धर्म को सर्वोपरि मानते हुए अपने प्राणों का बलिदान देकर भावी पीढ़ियों के लिए एक संदेश स्थापित किया। इस अवसर पर कालेज प्रबंध समिति अध्यक्ष चन्द्रदेव, प्रबन्धक सुमित कुमार, अरविन्द कुमार, अशोक, नीटू कुमार, पुष्पेन्द्र, सोमदत्त, ब्रिजेश कुमार आदि उपस्थित रहे। वहीं सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में भी बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ का आयोजन हुआ। छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने छात्राओं को बसंत पंचमी के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर संजीव, संदीप, कविता, गीता, अनिता, पंकज, राहुल, धर्मेन्द्र, रवि, मोहित आदि सहित कालेज का स्टाफ भी मौजूद रहा। वहीं लायंस क्लब सिनर्जी द्वारा बसंत पंचमी के मौके पर पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। सेंट आरसी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल ने पतंग उडाकर किया। पतंग उत्सव के जज के रूप में गौरव गोयल, वैभव गोयल ने सचिन गोयल, गोविन्द सिंह व शुभम गोयल को सर्वोत्तम पतंगबाजी के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष भारत संगल, अश्वनी कुमार, किरणपाल मौजूद रहे।

# आश्रम पंचतीर्थी में बसंत पंचमी पर सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन

## मां सरस्वती ने वीणा बजाकर किया सृष्टि में वाणी का संचारः रामदेव महाराज



**एनपीटी संवाददाता**
**थानाभवन।** कस्बा स्थित आश्रम पंचतीर्थी में रविवार को बसंत पंचमी के मौके पर 108 सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार थानाभवन के आश्रम पंचतीर्थी में बसंत पंचमी के मौके पर रविवार को 108 सुंदरकांड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। महंत स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि बसंत पंचमी का पर्व माघ मास की शुक्ल पंचमी को मनाया जाता है। इस दिन बसंत ऋतु का आगमन होता है, बसंत ऋतु को ऋतुराज भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु तथा सरस्वती जी का पूजन किया जाता है। बसंत पंचमी को घरों में केसरिया चावल बनाए जाते हैं। पीले वस्त्र धारण करते हैं, बच्चे पतंग उड़ाकर खुशी का इजहार करते है। रामदेव महाराज ने कहा कि इस दिन भगवान विष्णु की आज्ञा से प्रजापति ब्रह्मा जी सृष्टि की रचना कर पृथ्वी पर आए तो यहां उन्हें बेहद मायूसी व मलिनता नजर आई। ब्रहमाजी ने अपने कमंडल से जल छिडका तो वहां से वीणा बजाती हुई एक शक्ति प्रकट हुई। ब्रहमाजी के कहने पर मां सरस्वती ने वीणा बजाकर सृष्टि में वाणी का संचार किया इसलिए मां सरस्वती को वाणी की देवी भी कहा जाता है। इस मौके पर मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## मंत्री दीपिका पांडेय ने आम बजट को बताया चुनावी बजट

# कहा झारखण्ड और युवाओं के साथ एक और छल



**एनपीटी, रांची**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये केन्द्रीय बजट 2025 पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कई सवाल उठाए हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह से ₹चुनावी बजट₹ करार देते हुए कहा कि यह बजट झारखण्ड ग्रामीण भारत और युवाओं के प्रति सरकार की घोर उपेक्षा को उजागर करता है। पांडेय सिंह का आरोप है कि बजट में लोकलुभावन वादों की भरमार है जो सिर्फ चुनावी लाभ के लिए किये गये हैं। मंत्री ने यह भी कहा कि चुनावों के दौरान सरकार जनता को लुभाने के लिए कई वादे करती है, लेकिन चुनाव के बाद इन वादों की कोई भी जिम्मेदारी नहीं ली जाती और जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में झारखण्ड और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कोई ठोस योजना नहीं है, जो सरकार की कथित उपेक्षा को दशार्ता है। झारखण्ड की उम्मीदें और सरकार की नाकामीः झारखण्ड के लिए यह बजट विशेष रूप से निराशाजनक साबित हुआ है। राज्य के विकास, रोजगार, शिक्षा और औद्योगिकीकरण के मुद्दे पूरी तरह से नजरअंदाज किये गये हैं।1. झारखण्ड को उसका बकाया मिलेः झारखण्ड का केन्द्र सरकार पर लंबित बकाया हजारों करोड़ रुपये में है। यह पैसा राज्य के बुनियादी ढांचे, अस्पतालों, स्कूलों और ग्रामीण विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बजट में इस बकाए का कोई उल्लेख नहीं किया गया है, जो राज्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक है। 2. विशेष राज्य का दर्जा और विशेष पैकेजः झारखण्ड खनिज संसाधनों से समृद्ध राज्य है, लेकिन इसका लाभ राज्य के नागरिकों को नहीं मिल रहा। झारखण्ड को विशेष राज्य का दर्जा और एक विशेष आर्थिक पैकेज दिये जाने की आवश्यकता है, ताकि राज्य का तेजी से औद्योगिकीकरण हो सके और इसके नागरिकों को अधिक केन्द्रीय सहायता मिल सके। किसानों के लिए क्या घोषणा की गई? किसान पिछले चार सालों से एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के लिए कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। इस बजट में किसानों के लिए कोई ठोस घोषणा नहीं की गई। यह बजट किसानों के अधिकारों की अनदेखी करता है और उन्हें उनके संघर्ष में अकेला छोड़ता है, जो बेहद दुखद है। ग्रामीण विकास की उपेक्षाः केन्द्रीय बजट 2025 में ग्रामीण विकास के लिए सरकार का दृष्टिकोण पूरी तरह से उदासीन और निराशाजनक है। इस बजट में ग्रामीण भारत की जरूरतों और उसकी समृद्धि की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गये हैं। 1. ग्रामीण बुनियादी ढांचे की अनदेखीः ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे की स्थिति अभी भी कमजोर है। सड़कों, बिजली, पानी और स्वच्छता की सुविधाओं की कमी है, लेकिन बजट में इन समस्याओं को दूर करने के लिए कोई नई पहल नहीं की गई है। यह बजट ग्रामीण जनता के लिए निराशा का कारण बनता है। 2. कृषि और किसानों के लिए कोई नई योजना नहींः कृषि भारत की अर्थव्यवस्था का मुख्य स्तंभ है, लेकिन इस बजट में कृषि क्षेत्र के सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गये हैं। किसानों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग पर सरकार का ध्यान नहीं गया है। 3. स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में कमजोर कदमः ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब है। सरकारी अस्पतालों और क्लीनिकों में सुविधाओं की भारी कमी है। इसी तरह, ग्रामीण शिक्षा की स्थिति भी कमजोर है और उच्च शिक्षा के अवसर सीमित हैं। इस बजट में इन दोनों क्षेत्रों के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। 4. कृषि रोजगार और ग्रामीण बेरोजगारीः ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। कृषि क्षेत्र में रोजगार सृजन के कोई नए रास्ते नहीं दिखाए गए हैं। बजट में रोजगार योजनाओं और प्रशिक्षण के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं दी गई है, जिससे ग्रामीण बेरोजगारी की समस्या और बढ़ सकती है। 5. ग्रामीण महिलाओं की स्थितिः ग्रामीण महिलाओं के लिए इस बजट में कोई ठोस योजना नहीं दी गई है। उन्हें रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं से दूर रखा गया है। युवाओं के लिए क्या मिला? - एक बड़ा शून्य! शिक्षा और सरकारी संस्थानों की अनदेखीः झारखण्ड में उच्च शिक्षा की स्थिति पहले से ही कमजोर है। हमें सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के लिए अधिक फंडिंग की उम्मीद थी, लेकिन बजट में इसकी कोई झलक तक नहीं मिली। 2. छात्रवृत्ति योजनाओं का विस्तार कहां है? गरीब और मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति की जरूरत है, लेकिन सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया। युवाओं के लिए रोजगार का कोई ठोस प्रस्ताव नहींः बेरोजगारी झारखण्ड के लिए एक गंभीर समस्या है, लेकिन इस बजट में रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। केवल खोखले वादों से युवाओं का भविष्य सुरक्षित नहीं किया जा सकता। झारखण्ड को मिनरल-बेस्ड इकोनॉमी बनाने की जरूरतः झारखण्ड भारत का खनिज भंडार है। कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट और यूरेनियम जैसे खनिज संसाधनों की भरमार है, लेकिन राज्य को इसका उचित लाभ नहीं मिल रहा। हम चाहते हैं कि झारखण्ड को एक मिनरल-बेस्ड औद्योगिक अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय उद्योग बढ़ेंगे, निवेश आएगा और लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ऊर्जा क्षेत्र में झारखण्ड की उपेक्षा क्यों? झारखण्ड भारत की ऊर्जा राजधानी बनने की क्षमता रखता है, लेकिन इस क्षेत्र को भी सरकार ने नजरअंदाज किया है। थर्मल पावर प्लांट्स के विस्तार के लिए बजट में कोई ठोस योजना नहींः राज्य को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनाया जाना चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए भी कोई स्पष्ट नीति नहीं। निष्कर्षः यह बजट झारखण्ड के साथ अन्याय है! मोदी सरकार का यह बजट दिखाता है कि झारखण्ड की जनता उनके लिए कोई प्राथमिकता नहीं रखती। चुनावी वादों के दौरान यह सरकार पैसों की बारिश करती है, लेकिन जहां वास्तविक विकास की जरूरत है, वहां झारखण्ड जैसे राज्य को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया जाता है। मंत्री ने कहा कि हम केन्द्र सरकार से मांग करते हैं कि झारखण्ड को उसका बकाया फंड तुरन्त दिया जाए। साथ ही विशेष राज्य और विशेष आर्थिक पैकेज का दर्जा मिले, शिक्षा और रोजगार के लिए बड़े पैमाने पर निवेश किया जाए, झारखण्ड को मिनरल-बेस्ड अर्थव्यवस्था में बदला जाए। थर्मल पावर प्लांट्स और ऊर्जा क्षेत्र में विकास किया जाए। ग्रामीण भारत की अनदेखीः इस बजट में ग्रामीण भारत को पूरी तरह से अनदेखा किया गया है। सरकार ने लोकलुभावन योजनाओं के बजाय वास्तविक जरूरतों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि किसानों, गरीबों और ग्रामीण जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। अगर केन्द्र सरकार ने ग्रामीण विकास पर ध्यान नहीं दिया, तो इसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं, और ग्रामीण जनता इसे कभी माफ नहीं करेगी। साथ ही, ग्रामीण विकास के लिए बजटीय आवंटन में 5.51 प्रतिशत से घटाकर 5.21 प्रतिशत कर दिया गया है, जो इस क्षेत्र के लिए सरकार की नीरस प्राथमिकता को और स्पष्ट करता है।

# केन्द्रीय बजट की पेशकश पर मिसफिका हसन ने की प्रेसवार्ता



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पेश की गई केन्द्रीय बजट को ले प्रेसवार्ता की गई। प्रेसवार्ता के दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री मिसफिका हसन ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प की दृढ़ इच्छाशक्ति को लेकर केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट 2025 पेश किया है। जिसमें मध्यम वर्ग पर खासा ध्यान दिया गया है। इस बजट में गरीबों, मध्यम वर्गीय के लिए और सभी के लिए शानदार बजट पेश किया गया है। नये आयकर व्यवस्था के अन्तर्गत 12 लख रुपए तक की आय पर कोई आयकर देय नहीं होगा, वेतन भोगी करदाताओं के लिए यह सीमा 75000 की मानक कटौती के कारण 12 लाख 75000 होगी ।यह नई संरचना मध्यम वर्ग के लिए काफी राहत का काम करेगी, साथ ही घरेलू उपयोग बचत तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए उनके पास अधिक धनराशि उपलब्ध भी होगी। इस बजट में सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम ले गये/आये हैं, उत्पादन प्रभावित आपूर्तियों पर संस्करण और किसानों के लिए लाभकारी मूल्य को बढ़ावा देने के लिए राज्यों की भागीदारी से एक व्यापक कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। साथ ही राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन शुरू किया जायेगा, जिसका उद्देश्य अनुसंधान इकोसिस्टम को मजबूत करना, लक्षित विकास और उच्च पैदावार वाले बीजों का प्रसार करना और बीजों की एक से अधिक किस्मों को वाणिज्यिक स्तर पर उपलब्ध कराना होगा। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ली जाने वाली ऋणों के लिए ऋण सीमा 3 लाख से बढ़कर 5 लाख कर दी गई है। प्रदेश मंत्री दुर्गा मरांडी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों में अगले 5 वर्षों में 75000 और सीमा बढ़ाने के लक्ष्य की दिशा में अगले वर्ष 10000 अतिरिक्त सीमा बढ़ाए जायेंगे। अगले 3 वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर केन्द्र स्थापित करने की सुविधा प्रदान करेगी। वर्ष 2025- 26 में 200 केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। विकास के चतुर्थ इंजन के रूप में निर्यात को बढ़ावा दिया जायेगा। निर्यात संवर्धन मिशन के अन्तर्गत वाणिज्य मंत्रालय एमएसएमई और वित्त मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से संचालित निर्यात संवर्धन मिशन स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है। इसके तहत अलग-अलग क्षेत्र और मंत्रालयों के लिए लक्ष्य तय किये जायेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष अमृत पाण्डेय, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य मीरा प्रवीण सिंह, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, जिला महामंत्री रूपेश भगत, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सम्पा साहा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय उपस्थित रहे।

## डीसी - डीडीसी ने प्रकृति विहार पार्क का लिया जायजा, दिया निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड स्थित प्रकृति विहार पार्क का उपायुक्त मनीष कुमार व उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने जायेजा लिया। पार्क की जीर्णोद्धार और मरम्मत्ती को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने पार्क का निरीक्षण के पश्चात पार्क की जीर्णोद्धार और डेवलपमेंट को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता व अंचलाधिकारी औसाफ अहमद खां को देखभाल और रिपोर्ट तैयार करने को लेकर आवश्यक दिशा- निर्देश दिया।

# तनवीर आलम ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा, जताया आभार

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०),'कांग्रेस के झारखण्ड प्रदेश महासचिव सह- पाकुड़ जिला प्रभारी तनवीर आलम ने पाकुड़ प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत झिकरहाटी पूर्वी के ग्राम इस्लामपुर, सितारामपुर, बिहार पड़ा, सकरघाट, जमतला, चंडिटोला सहित आदि गांव का दौरा कर ग्रामीणों से रूबरू होकर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू भी हुए। तनवीर आलम ने सम्बोधित भी किया। तत्पश्चात ग्रामीणों के हर एक समस्याओं पर



विचार - विमर्श करने के पश्चात जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, देबू बिशवास, पियारुल इस्लाम, रामबिलास महातो, डॉ जोहोरुल इस्लाम, मुखिया आतिउर रहमान नोजरुल इस्लाम, आनीकुल सेख, आसराफुल हक, आफताब आलम, सामीम आकतर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## मिल्क पार्लर व दूध संग्रहण केन्द्र अधिष्ठापन हेतु डीसी ने की बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते रविवार 2 फरवरी 2025 रविवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग एवं गव्य विभाग के पदाधिकारियों, झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के प्रतिनिधियों, जिले के सभी कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता, पशु टीका कर्मी, प्रगणक एवं पर्यवेक्षक पशुधन गणना, सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकर्ता के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता एवं टीका कर्मियों को समर्पित भाव से कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि जिले में पशुरोग पर नियंत्रण, पशुओं के नस्ल में सुधार एवं उत्पादन में वृद्धि हो सके। साथ ही टीका पशुधन गणना के कार्यों को समय सीमा के अन्दर पूर्ण करने तथा अन्य विभागीय कार्यों को त्वरित एवं प्रभावपूर्ण क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया। वही सूचीबद्ध पशु आपूर्तिकताओं को गुणवत्तापूर्ण पशुधन की आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं बरतने का सख्त निर्देश दिया गया। इसके अलावा झारखण्ड मिल्क फेडरेशन के प्रतिनिधियों के द्वारा पाकुड़ जिले में दुग्ध सहकारी समितियां के गठन एवं सशक्तिकरण तथा फेडरेशन के उत्पादों को पाकुड़ में उपलब्ध कराने हेतु अलग-अलग स्थानों पर मिल्क पार्लर अधिष्ठापन तथा दूध संग्रहण केन्द्र (बीएमसी) अधिष्ठापन के विषय पर चर्चा की गई। इस सम्बन्ध में उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पाकुड़ जिले को दुग्ध उत्पादक का हव बनाने की दिशा में हमें कार्य करना है। इसके लिए जिला प्रशासन से आवश्यक सहयोग रहेगा।

## अवैध कोयला परिवहन- तस्करी की रोकथाम के ध्यानार्थ एसपी ने की ब्रीफिंग

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०),अवैध कोयला तस्करी व परिवहन की रोकथाम के लिए पाकुड़ पुलिस प्रशासन के द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। बावजूद भी अवैध कोयला परिवहन/ तस्करी करने वालों के मनोबल बढ़ा हुआ नजर आ रहा। कोयला तस्करी करने वाले यूंही साइकिल से लदे कोयला ले जाते हुए देखे जा सकते हैं। वही बीते शनिवार 1 फरवरी 2025 को पुलिस केन्द्र पाकुड़ में पाकुड़ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा कोयला रोड में गश्ती ड्यूटी हेतु प्रतिनियुक्त एसएपी के जवान/ पीसीआर/ टाइगर मोबाइल के जवानों के साथ ब्रिफिंग मीटिंग आहूत की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के द्वारा अपराधिक गतिविधि पर सतत निगरानी/ नियंत्रण रखने के साथ- साथ कोयला चोरी/ अवैध कोयला के परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु मुस्तैदी से गश्ती ड्यूटी करने का दिशा- निर्देश दिया गया। इस दौरान काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एंड पुलिस के जवान मौजूद थे।

## मनरेगा दिवस पर मजदूरों के लिए कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), साल में 02 फरवरी को मनरेगा दिवस मनाया जाता है, क्योंकि वर्ष 2006 के इसी दिन मनरेगा अधिनियम लागू किया गया था। जिले के सभी 128 पंचायतों में मनरेगा दिवस पर विशेष रोजगार दिवस का आयोजन कर मजदूरों का जॉब कार्ड निबंधन, नवीनीकरण, कार्य की मांग तथा मजदूरों को सम्मानित किया जाना है। जिस हेतु रविवार को जिले के सभी प्रखण्डों में मनरेगा दिवस का आयोजन किया गया है। हिरणपुर प्रखण्ड में मनरेगा दिवस पर पंचायतों में मजदूरों को टोकरी, कुदाल देकर सम्मानित किया गया एवं जॉब कार्ड का आवंटन तथा कार्य का आवंटन किया गया है। सभी पंचायतों में नये योजनाओं का प्रस्ताव भी रोजगार दिवस में लिया जा रहा है, जिसमें दीदी बाड़ी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना प्रमुख है।

**प्रतिक्रिया** | केन्द्र सरकार के आम बजट- खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहावत को

# चरितार्थ कर रही है - विजय शंकर नायक

**एनपीटी ब्यूरो**

रांची, आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि केन्द्र सरकार के आम बजट- खोदा पहाड़ निकली चुहिया कहावत को चरितार्थ कर रही है। कहा केन्द्रीय बजट मुंगेरीलाल के हसीन सपनों की तरह है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह बजट बिहार और दिल्ली में हो रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक लाभ लेने के लिए ही इस बजट में उन राज्यों को विशेष लाभ देकर आने वाले चुनाव में इसका इस्तेमाल किया जायेगा। इसलिए ही उन राज्यों को फोकस किया गया है और बजट में झारखण्ड जैसे गरीब राज्य की उपेक्षा की गई है जो भाजपा के लिए ठीक नहीं है। नायक ने आगे कहा कि देश का अर्थव्यवस्था अभी कछुआ चाल से शनैःशनैः चल रहीं है, ऐसे में देश की जनता की आय और नौकरियां धीरे धीरे कम और खत्म होती जा रहीं है। आज जीडीपी की वृद्धि दर पिछले पूर्व के वर्षो से इस वर्ष सबसे कम है, जो आर्थिक सर्वे



में भी यही अनुमान है कि जीडीपी 6.3 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत तक ही रहेगी। यह आम बजट बढ़ते हुए महंगाई को रोकने की दिशा मे अपना कोई महत्वपूर्ण योगदान नहीं कर पायेगी और वित्त मंत्री द्वारा बजट भाषण में जो जनता को मुंगेरीलाल का हसीन सपना दिखाया कि 12 लाख तक कोई आयकर नहीं लगेगा, यह पूरी तरह मृगतृष्णा है, क्योंकि आयकर की सीमा सिर्फ एक लाख तक बढ़ाया गया है। विजय शंकर नायक ने आगे कहा कि ढेर अरब के देश में सिर्फ कुछ करोड़ लाख लोग ही टैक्स पेयर हैं। ऐसे में किसका वे भला करेंगी केन्द्रीय वित्त मंत्री ही बता सकती है। देश के दलित आदिवासी मूलवासियों एवं अन्य कमजोर वर्गों के ज्यादातर लोगों को कुछ भी हाथ नहीं लगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश में बहुत बड़ी आबादी किसान- मजदूर की संख्या अधिक है, जिनकी आय दिन प्रतिदिन घटती जा रही है, जो आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में भी कहा गया है और केन्द्र ने भी स्वीकार किया है कि प्रतिदिन कमाने वाले व्यक्तियों की आय में कमी आ रही है। कहा कि कुल मिलाकर यह बजट कुछ प्रदेश में हो रहे चुनाव के मद्देनजर रखते हुए चुनावी लाभ हेतु बनाया गया है, जो सम्पूर्ण देश की जनता को लाभ नहीं होने वाला है।




# आरके पुरम में पीएम मोदी ने जताया भरोसा 5 फरवरी को दिल्ली में आएगी विकास की नई लहर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

दिल्ली । आप सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, 'दिल्ली की अअढ-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के आरके पुरम में बीजेपी की 'विकसित दिल्ली संकल्प रैली' में हिस्सा लिया। इस दौरान जनता को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली में विकास की नई बहार आने वाली है। उन्होंने भरोसा जताया कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी की सरकार बनने जा रही है। पीएम ने रैली में आप सरकार पर भी निशाना साधा।

आप सरकार पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा, 'दिल्ली की अअढ-दा पार्टी ने यहां के 11 साल बर्बाद कर दिए हैं। मेरी दिल्ली के हर



परिवार से प्रार्थना है कि राज्य में हमें आप सबकी, दिल्लीवासियों की सेवा का मौका जरूर दें। मैं गारंटी देता हूं कि आपकी हर मुसीबत, हर परेशानी को समाप्त करने के लिए खप जाऊंगा।'

पीएम ने कहा, 'गरीब हो या मिडिल क्लास, हर परिवार का जीवन खुशहाल हो, ऐसी डबल इंजन सरकार दिल्ली को मिलेगी। हमें ऐसी डबल इंजन सरकार बनानी है। जो लड़ाई-झगड़े की बजाय, दिल्ली के लोगों की सेवा करे। जो बहाने बनाने की बजाय, दिल्ली को बनाने-सजाने में ऊर्जा लगाए।' उन्होंने कहा कि आपने आने वाले पांच साल के लिए केंद्र में भाजपा की पक्की सरकार बना ली है, अब गलती से भी यहां अअढ-दा सरकार नहीं आनी चाहिए, जो दिल्ली के पांच और साल बर्बाद कर दे।

आप पार्टी छोड़ रहे सांसदों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में वोटिंग से पहले ही झाड़ू के तिनके बिखर रहे हैं। अअढ-दा के लीडर्स, उसे छोड़कर जा रहे हैं, ये जान चुके हैं कि ग्राउंड पर जनता अअढ-दा से कितना नाराज है।

बजट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मैंने विकसित भारत के निर्माण के लिए चार स्तंभों को मजबूत करने की गारंटी देश को दी थी। ये स्तंभ हैं- गरीब, किसान, नौजवान और नारीशक्ति। कल जो बजट आया है, वो मोदी की ऐसी ही गारंटियों को पूरा करने की गारंटी है।'

उन्होंने कहा कि आप भी जानते हैं कि 10 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था 10वें नंबर से पांचवें नंबर पर पहुंच चुकी है, यानी देश की आर्थिक शक्ति बढ़ रही है, अर्थव्यवस्था का कद बढ़ रहा है, नागरिकों की कमाई भी बढ़ रही है। पहले की स्थिति होती तो देश की ये बढ़ती हुई कमाई घोटालों में चली जाती, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी। लेकिन भाजपा की ईमानदार सरकार देशवासियों का एक-एक पैसा देश की भलाई, देशवासियों की भलाई के लिए लगा रही है।

पीएम ने कहा, 'कल बजट आने के बाद से पूरा मिडिल क्लास कह रहा है कि ये बजट, भारत के इतिहास में मिडिल क्लास के लिए सबसे फ्रेंडली बजट है। हमारी सरकार ने 12 लाख रुपए तक की आमदनी पर इनकम टैक्स पूरी तरह जीरो कर दिया है। इससे मध्यम वर्ग के लोगों के हजारों रुपए बचेंगे।'

# जैसे-जैसे चुनाव प्रचार अपने अंतिम दौर में पहुंचता जा रहे हैं राजनीतिक



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

दिल्ली । जैसे-जैसे चुनाव प्रचार अपने अंतिम दौर में पहुंचता जा रहे हैं राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों द्वारा जनता से संपर्क का प्रयास तेज होता जा रहा है आज शाहदरा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी संजय गोयल द्वारा डूंगर मोहल्ला, महाराम मोहल्ला, सराय मोहल्ला, जवाहर मोहल्ला, धोबीवाडा, पन्ना वाली गली, जैन मंदिर गली, ज्वाला नगर और फर्श बाजार में जनता से अपना लिए समर्थन और आशीर्वाद मांगा गया संजय गोयल के समर्थन में एक जनसभा का आयोजन सुरेश गोपी ( फिल्म स्टार केरल) द्वारा दिलशाद कॉलोनी जी ब्लॉक में किया गया भाजपा प्रत्याशी संजय गोयल के समर्थन में एक विशाल जनसभा का आयोजन सत्यमेव .डीडीए फ्लैट झिलमिल कॉलोनी में किया गया जिसमें आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मेरठ से सांसद अरुण गोविल द्वारा संजय गोयल के समर्थन में वोट की अपील की गई चंदन बाबू नायडू द्वारा अपना संबोधन में बजट में केंद्र सरकार द्वारा जनता को दी गई राहत के विषय में भी जनता को अवगत किया गया उनके अनुसार 12 लाख तक की करमुक्त आय से लगभग 1 करोड़ करदाताओं को लाभ होगा उद्यमियों के एमएसएमई कार्ड की 10 करोड़ की सीमा से उद्योग जगत का विस्तार होगो

# घरों में घुसकर डरा रहे हैं... बीजेपी और अमित शाह पर भड़के केजरीवाल, लगाया गंभीर आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्लीः दिल्ली में विधानसभा चुनाव की वोटिंग में बस कुछ ही घंटे बाकी हैं। इससे पहले दिल्ली में सियासी घमासान काफी तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी (अअढ) चीफ अरविंद केजरीवाल बीजेपी के कार्यकताओं और उम्मीदवारों पर खुलेआम गुंडागर्दी करने का आरोप लगा रहे हैं। उसी क्रम में केजरीवाल ने अअढ के सोशल मीडिया हेड (दिल्ली) अमनप्रीत सिंह उप्पल के 'एक्स' पोस्ट को शेयर करते हुए बीजेपी को आड़े हाथ लिया है। केजरीवाल ने लिखा है, 'अमित शाह जी के गुंडे अब जनता को उनके घरों में घुसकर डरा रहे हैं झ्र ये लोकतंत्र है या गुंडाराज?'

अमनप्रीत सिंह उप्पल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर कर लिखा था, 'ये जनकपुरी से भाजपा के प्रत्याशी हैं। इनकी गुंडागर्दी की खबरें रोज आ रही हैं। देखिए कैसे अपने गुंडे लोगों की छतों पर भेज कर अअढ के झंडे निकलवा रहे हैं।' इसी पोस्ट को शेयर करते हुए केजरीवाल ने अमित शाह और बीजेपी पर हमला बोला है। केजरीवाल ने अपने दूसरे पोस्ट में चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए, उन्होंने लिखा, 'रामायण में लिखा है कि कुंभकरण छ महीने सोता था और फिर छ महीने जागता था। चुनाव आयोग तो शायद जागता ही नहीं है।'

केजरीवाल ने दावा किया है कि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में उनकी पार्टी के कार्यकताओं पर भाजपा के कार्यकताओं की ओर से हमला किया जा रहा है। इसे लेकर केजरीवाल ने रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में केजरीवाल ने कुछ मांगे भी रखी हैं। चिट्ठी में केजरीवाल ने लिखा कि 'नई दिल्ली विधानसभा में इंडिपेंडेंट इलेक्शन ऑब्जर्वर नियुक्त किए जाएं। चुनाव आयोग आम आदमी पार्टी के वॉलंटियर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करें। ऐसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार पुलिस वालों को तुरंत सस्पेंड किया जाए। हमला करने वाले भाजपा कार्यकताओं को तुरंत गिरफ्तार किया जाए।'

नई दिल्ली विधानसभा सीट जहां चौथी बार अरविंद केजरीवाल मैदान में हैं। इनके सामने भाजपा के प्रवेश वर्मा और कांग्रेस से संदीप दीक्षित हैं। इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद जताई जा रही है। तीनों पार्टी के प्रत्याशी दावा कर रहे हैं कि जीत उनकी होनी तय है। 5 फरवरी को दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव होने हैं। 8 फरवरी को 70 विधानसभा सीटों पर परिणाम आएंगे।

# वाल्मिकी समाज व दलित पंचायत के सदस्यों ने AAP की चुनाव प्रचार वैन पर किया हमला, आप ने BJP पर लगाए आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली। दिल्ली में महाराष्ट्र वाल्मिकी समाज और दलित पंचायत के सदस्यों द्वारा आप की चुनाव प्रचार वैन पर हमला करने का मामला सामने आया है। इसके बाद दिल्ली में सियासत और तेज हो गई। मामले को लेकर आप नेताओं ने भाजपा पर निशाना साधा है।

वाल्मिकी समाज और दलित पंचायत के सदस्यों ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने वहां से गुजर रही आप की चुनाव प्रचार वैन पर भी हमला किया। मामले को लेकर आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ऐसी



गुंडागर्दी दिल्ली में नहीं चलेगी। भाजपा को उसके कुकर्मों के लिए बुलाया जाना चाहिए।

आप राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, 'भाजपा ऐतिहासिक हार की ओर बढ़ रही है। भाजपा ने इससे पहले 18 जनवरी को अरविंद केजरीवाल पर पथराव करवाया था। भाजपा के गुंडों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वे आज खुलेआम आम आदमी पार्टी की प्रचार वैन पर हमला कर रहे हैं। वहां एक एलईडी लगी थी, जिसे उन्होंने तोड़ दिया। दिल्ली में चुनाव आयोग की आंखें बंद हैं। दिल्ली में ऐसी गुंडागर्दी दिल्ली में नहीं चलेगी।'

महाराष्ट्र वाल्मिकी समाज और दलित पंचायत के सदस्यों द्वारा आप की चुनाव प्रचार वैन पर हमला करने पर डीसीपी नई दिल्ली ने ट्वीट किया, रपुलिस स्टेशन में कोई पीसीआर कॉल या शिकायत नहीं मिली। अनुरोध है कि पुलिस स्टेशन में एक औपचारिक शिकायत दर्ज की जा सकती है और हम सख्त कानूनी कार्रवाई का आश्वासन देते हैं।

# अमित शाह के इशारे पर... केजरीवाल की प्रचार गाड़ी पर हमला, AAP ने बीजेपी को ठहराया जिम्मेदार, क्या आरोप लगाया?

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्लीः दिल्ली में 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इससे पहले दिल्ली में सियासी पारा काफी चढ़ गया है। रविवार को आम आदमी पार्टी (अअढ) की प्रचार गाड़ी में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है।

आरोप है कि नई दिल्ली विधानसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के समर्थन में एक प्रचार गाड़ी जैसे ही वाल्मीकि मंदिर के पास पहुंची, उसके बाद कुछ लोगों ने गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। तोड़फोड़ करने वाले स्थानीय लोग ही बताए जा रहे हैं। उधर आम आदमी पार्टी की तरफ से इन हमलों के लिए बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

अअढ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर हमले की वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 'अअढ को प्रचार से रोकने के लिए इखढ के गुंडों द्वारा पूरी दिल्ली में हिंसा जारी है! इखढ के गुंडे पूरी दिल्ली में आतंक मचा रहे हैं, अअढ कार्यकताओं की प्रचार सामग्री छीन रहे हैं, छएऊ रूर्ऻील्ल वाली गाड़ियों पर हमला कर रहे हैं। लेकिन दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग, अमित शाह के इशारे पर खामोश बैठकर सिर्फ तमाशबीन बने हुए हैं। दिल्लीवाले, इस गुंडागर्दी और हिंसा के लिए BJP को बुरी तरह हरा कर सबक सिखायेंगे।'

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भी हमले का वीडियो 'एक्स' पर शेयर करते हुए बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा, 'ये नई दिल्ली विधान सभा की भयावह तस्वीर है। इसी विधान सभा में चुनाव आयोग का ऑफिस है। चुनाव आयोग कोमा में है, उसको कुछ भी दिखाई सुनाई नहीं पड़ रहा।'

उन्होंने आगे लिखा, 'दिल्ली वालों जरा सोंचो अगर गलती से इखढ वाले जीत गये तो दिल्ली को बर्बाद कर देंगे। अमित शाह के गुंडों से दिल्ली को बचाना है।' केजरीवाल की प्रचार गाड़ी पर हमले के बाद आम आदमी पार्टी के नेता गुस्से में हैं। बीजेपी और आप नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है।

# चुनाव आयोग ने केजरीवाल को लिखा पत्र, कहा- आचार संहिता के उल्लंघन मामले में अब तक लिखित शिकायत नहीं मिली

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

नई दिल्ली । मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय की तरफ से अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर जवाब दिया गया है। सीईओ दफ्तर की तरफ से कहा गया है कि कार्यालय में उपलब्ध रिकार्डों की जांच से पता चला है कि अधिकांश मामलों में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली।

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के आचार संहिता के उल्लंघन के आरोपों के जवाब में मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय (चुनाव आयोग) की तरफ से कहा गया है कि अधिकांश मामलों में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली। आयोग आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन पर कानूनों और ईसीआई मानदंडों के अनुसार कार्रवाई करेगा।

इससे पहले केजरीवाल ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर आरोप लगाया था कि भाजपा कार्यकर्ता आप समर्थकों



को धमका रहे हैं। इसका जवाब देते हुए सीईओ दफ्तर की तरफ से कहा गया है कि कार्यालय में उपलब्ध रिकार्डों की जांच से पता चला है कि अधिकांश मामलों में कोई लिखित शिकायत नहीं मिली। बताया कि जब भी किसी राजनीतिक दल से ऐसे आरोपों का हवाला देते हुए लिखित शिकायतें प्राप्त होती हैं तो ऐसे सभी मामलों की जांच अनिवार्य रूप से कानूनों और ईसीआई मानदंडों के अनुसार की जाती है और ऐसे सभी मामलों में ईसीआई मानदंडों के अनुसार उचित कार्रवाई या तो शुरू की जाती है या सिफारिश की जाती है।

सीईओ दफ्तर ने बताया है कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में सात जनवरी से अब तक 115 शिकायतों पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की गई है। दिल्ली के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में 642 एफएसटी और 633 एसएसटी तैनात किए गए हैं। पत्र में अधिकारी ने कहा है कि जहां तक स्वतंत्र पर्यवेक्षक के मुद्दे का सवाल है तो यह सूचित किया जाता है कि नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र सहित सभी निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सामान्य पर्यवेक्षक, व्यय पर्यवेक्षक तथा पुलिस पर्यवेक्षक पहले ही तैनात किए जा चुके हैं।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।